हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 16 फरवरी 2026

तापमान

अधिकतम 32.9 डिग्री

न्यूनतम 19.1 डिग्री

*स्कूल शिक्षा विभाग के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक पदों पर भर्ती संबंधित संशोधित नियम राजपत्र में प्रकाशित*

# उर्दू व विज्ञान विषय के सहायक शिक्षकों की पदोन्नति नहीं, संस्कृत शिक्षक बनने अब स्नातक उपाधि ही पर्याप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले शैक्षणिक एवं प्रशासनिक पदों पर भर्ती के लिए नए नियम राजपत्र में प्रकाशित कर दिए गए हैं। इस नियम से ही अब राज्य में शिक्षकों की भर्ती और प्रमोशन होंगे। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीईओ, प्राचार्य, शिक्षक सहित अन्य पदों में भर्ती अथवा पदोन्नति के लिए नियमों में बदलाव किए गए हैं। नए नियमों में संस्कृत शिक्षक के पद के लिए संबंधित विषय में स्नातक का प्रावधान किया गया है, पिछले राजपत्र में स्नातकोत्तर का उल्लेख किया गया था, जिसे विलोपित किया गया है। शिक्षक सीधी भर्ती में डीएड-बीएड का पुनः प्रावधान किया गया है। सहायक शिक्षक विज्ञान के पदोन्नति का प्रावधान नहीं है। इसी तरह उर्दू सहायक शिक्षकों के पदोन्नति का प्रावधान नहीं किया गया है। पीटीआई (व्यायाम शिक्षक) को केवल छात्रावास अधीक्षक (क्रीड़ा परिसर) के पदों पर पदोन्नति दिए जाने का प्रावधान किया गया है, व्यायाम व्याख्याता सहित अन्य पदों पर पदोन्नति का प्रावधान नहीं किया गया है। इसी तरह ग्रंथपाल के पद पर कार्यरत शिक्षकों की पदोन्नति का प्रावधान नहीं किया गया है।

### इन पदों के लिए भी बदले गए नियम

*उपसंचालक तथा जिला शिक्षा अधिकारी के 75% पदों की पूर्ति प्राचार्य, सहायक संचालक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी की वरिष्ठता सूची से होगी। अर्थात प्राचार्य, सहायक संचालक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी को उनकी वरिष्ठता के आधार पर डीईओ का पद दिया जाएगा। शेष 25% पदों की पूर्ति सीधी भर्ती से किया जाएगा। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, प्राचार्य तथा सहायक संचालक के 4560 पद हैं तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी के 186 पद हैं। इसके अलावा डाइट, बाइट एवं बीटीआई में प्राचार्यों के 27 पद उपसंचालक स्तर के हैं। पूर्व में ये शत प्रतिशत पदोन्नति से भरे जाते थे। वर्तमान व्यवस्था में इसे 50% पदोन्नति एवं 50% सीधी भर्ती में परिवर्तित कर दिया गया है।*

### पदोन्नति से भरे जाएंगे बीईओ के 75% पद

*विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा सहायक संचालक प्रशासन के रिक्त पदों में से 75% पदों को सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी की पदोन्नति द्वारा पूर्ति का प्रावधान बनाया गया है। शेष 25% पदों को प्राचार्य के ई एवं टी संवर्ग द्वारा भरा जाएगा। इसके पूर्व 25% पदों को सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी की पदोन्नति द्वारा भरे जाने के नियम थे। पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में इन 25 प्रतिशत पदों पर भी न्यूनतम 5 वर्ष के अनुभवी वरिष्ठ प्राचार्य को पदस्थ किया जा सकता था। शेष 75 % पदों को 5 वर्ष के अनुभव रखने वाले प्राचार्य से भरे जाने का नियम था। नए नियम से विकासखंड शिक्षा अधिकारी बनने के प्राचार्यों के मौके सीमित हो जाएंगे।*

### इधर, विवाद प्रारंभ

*विभिन्न पदों में नियुक्ति अथवा सीधी भर्ती के लिए बदले गए नियमों में से कुछ के लिए विवाद की स्थिति भी निर्मित हो गई है। शिक्षकों के एक बड़े वर्ग का कहना है कि इससे उनके विकास में बाधा उत्पन्न होगी। छग टीचर्स एसोसिएशन ने संशोधन की मांग करते हुए सुझाव दिए हैं। प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, विभागीय भर्ती व पदोन्नति नियम में कार्यरत अनुभवी शिक्षक संवर्ग की उपेक्षा की गई है, सीधी भर्ती को प्राथमिकता दी गई है। सभी विभाग अपने अनुभवी कर्मचारियों को पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति देने को प्राथमिकता में रखते हैं।*

## खबर संक्षेप

### लेट नाइट क्लब खोला मैनेजर गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने तय समय से ज्यादा देर तक क्लब संचालित करने के आरोप में क्लब मैनेजर को गिरफ्तार कर क्लब संचालक को नोटिस जारी किया है। पुलिस ने वीआईपी रोड स्थित मिथ्या क्लब के मैनेजर फैकी महु को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शनिवार देर रात साढ़े 12 बजे तक क्लब संचालित किया जा रहा था। क्लब संचालक के गुमाश्ता लायसेंस को निलंबित करने स्थानीय प्रशासन को पत्र लिखा है।

### पुलिस कर्मियों को वीआईपी सुरक्षा देने दिशा-निर्देश

**रायपुर।** वीआईपी सुरक्षा में तैनात 70 पुलिस जवान तथा 30 वाहन चालकों को प्रोटोकॉल अधिकारी ने रविवार को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसीपी ट्रैफिक, प्रोटोकॉल दौलत राम पोर्ते ने पुलिसकर्मी तथा वाहन चालकों को वीआईपी के सुरक्षा, वाहनों के रखरखाव तथा वाहनों में मूवमेंट के दौरान यातायात नियमों के पालन संबंधी निर्देश दिए। उन्हें ट्रैफिक सिग्नल का पूर्णतः पालन करने तथा रेड सिग्नल पर वाहनों को रोकने, जेब्रा क्रॉसिंग से पहले वाहन खड़े करने के संबंध में बताया गया। अस्पताल, कोर्ट तथा ऐसे स्थान, जहां पर सायरन अथवा हार्न का उपयोग वर्जित है, वहां हार्न नहीं बजाने के लिए बताया गया।

अभनपुर दो डॉक्टरों के भरोसे, धरसींवा सीएचसी में 8 पद खाली, मानसिक चिकित्सालय में एक भी डॉक्टर नहीं

# हेल्थ सेंटरों में डाक्टरों की ये कैसी तैनाती, राखी में दर्जनभर, गोबरा नवापारा में सिर्फ एक चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


हरिभूमि सरोकार

प्राथमिक स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने संचालित प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टरों की तैनाती में भेदभाव बरता जा रहा है। कई हेल्थ सेंटरों में जरूरत से ज्यादा डाक्टर हैं तो कहीं जरूरतों को भी नजरअंदाज किया जा रहा है। नवा रायपुर के प्रस्तावित 100 बेड वाले राखी अस्पताल में दर्जनभर तो गोबरा-नवापारा सीएचसी में एकमात्र डाक्टर तैनात है, वहीं अभनपुर जैसे महत्वपूर्ण सीएचसी में इलाज की व्यवस्था 2 डाक्टरों के भरोसे चल रही है।

मरीजों को छोटी समस्याओं के इलाज के लिए बड़े अस्पतालों के चक्कर लगाने से बचाने के लिए विभिन्न स्तर पर हेल्थ सेंटर खोले गए हैं, मगर इन स्वास्थ्य केंद्रों में जरूरत के हिसाब से चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं हो रही है। इसका सीधा असर चिकित्सा की सामान्य व्यवस्था पर होता नजर आता है। रायपुर जिले में प्राथमिक से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी डाक्टरों की नियुक्ति में विसंगति नजर आती है। कई हेल्थ सेंटरों में चिकित्सा अधिकारियों के साथ अनुबंधित डाक्टरों की भरमार है तो कई गिनती के चिकित्सकों के भरोसे अपना काम करते हैं। नवा रायपुर स्थित राखी के प्रस्तावित सौ (अभी 50) बेड वाले अस्पताल में बड़ी संख्या में डाक्टर पदस्थ हैं। यहां पांच चिकित्सा अधिकारी पदस्थ हैं, इसके अलावा सात संविदा डाक्टरों को भी यहां तैनात किया गया है। इसके विपरीत सरोना में स्वीकृत 100 बेड के अस्पताल में स्वीकृत सभी 15 पद रिक्त हैं। मंदिर हसौद सीएचसी में वैसे तो चिकित्सा अधिकारी के 2 पद स्वीकृत हैं, मगर उन पर अभनपुर और आरंग बीएमओ की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होने की वजह से वहां संविदा डाक्टरों से काम चलाया जा रहा है। धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वैसे तो चिकित्सा अधिकारियों के 14 पद स्वीकृत हैं, मगर इलाज 6 डाक्टरों के भरोसे हो रहा है। अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी 16 डाक्टरों का काम 2 चिकित्सक कर रहे हैं।

### ज्यादातर बांडेड डाक्टर शहरी इलाकों में

शासकीय मेडिकल कॉलेजों से पढ़ाई पूरी करने वाले चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञों की बांड ड्यूटी रायपुर जिले में भी लगती है। इनमें से ज्यादातर डाक्टर शहरी इलाकों के हेल्थ सेंटरों में पदस्थ होते हैं अथवा उन्हें उन इलाकों में पोस्टिंग दी जाती है, जहां अन्य तरह का दबाव ज्यादा होता है। बांडेड चिकित्सा अधिकारियों की ड्यूटी हमर क्लीनिक, हमर अस्पताल, जिला अस्पताल जैसे हेल्थ सेंटरों में लगाई जाती है।



### लेप्रोसी अस्पताल में पद नहीं

स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंडरी में 100 बेड के लेप्रोसी होम एंड हास्पिटल का संचालन किया जाता है, मगर यहां चिकित्सकों के पद ही स्वीकृत नहीं हैं। स्टेट लेप्रोसी यूनिट में स्वीकृत 3 पदों पर डाक्टर कार्यरत हैं। मानसिक चिकित्सालय में वैसे तो 12 पद स्वीकृत हैं, मगर इसमें तैनाती एक भी नियमित डाक्टर की नहीं है। विधानसभा, एमएलए रेस्ट हाउस में स्वीकृत पद के अनुसार डाक्टर तैनात हैं, जबकि राजभवन, मंत्रालय की डिस्पेंसरी में 1-1 डाक्टर तैनात है।

### कई स्वास्थ्य केंद्र में एक भी डाक्टर नहीं

रायपुर जिले में अनेक स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टरों के पद स्वीकृत है, मगर वहां काम संविदा अथवा बांडेड डाक्टर अथवा अन्य स्टाफ के भरोसे चल रहा है। सीएचसी बिरगांव में 3 की तुलना में 1, आरंग में 3 पोस्ट पर 2 डाक्टर काम कर रहे हैं। वहीं परसदा, मानिकचौरी, उपरवारा, तोरला, खोरपा जैसे स्वास्थ्य केंद्रों में स्वीकृत पदों की तुलना में एक भी डाक्टरों की नियुक्ति नहीं हो पाई है।

# नशे के कारोबार पर सख्ती, तीन प्रकरणों में चिट्टा-एमडीएमए जब्त

- गोलबाजार, कबीर नगर तथा आमानाका थाना क्षेत्र में पुलिस ने जब्त किए मादक पदार्थ
- अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने पुलिस लगातार चला रही अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर







राजधानी पुलिस मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने लगातार अभियान चला रही है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन के डीसीपी को पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस ने शनिवार को 50 किलो गांजा के साथ दो तस्करों की गिरफ्तारी की थी। इसके बाद पुलिस ने गोलबाजार, आमानाका तथा कबीर नगर थाना क्षेत्र में आधा दर्जन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 25 ग्राम से ज्यादा हेरोइन चिट्टा तथा एमडीएमए जब्त की है।

गोलबाजार पुलिस ने डीकेएस अस्पताल परिसर में पार्किंग के पास चित्रांश पवार के कब्जे से साढ़े छह ग्राम के करीब एमडीएमए जब्त की है। आमनाका तथा कबीर नगर पुलिस ने जसकरण सिंह, ऋषि साहू, विशाल बिसेन, भूपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंग उर्फ बिक्का, संतोष सिंग सिदार को हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों से पुलिस ने मादक पदार्थ के स्त्रोत के बारे में जानकारी जुटाकर अन्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का दावा किया है।

# कारों के ज्यादातर मॉडल अब ऑन डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कुछ मॉडल पर ही एक से दो माह की वेटिंग

नए साल का आगाज होने के बाद नए साल में जनवरी में ही प्रदेशभर में बीते साल से ज्यादा वाहन बिके हैं। इस बार ऑटोमोबाइल सेक्टर में यह खास बात है कि इस बार एसयूवी कारों के ज्यादातर मॉडल ऑन डिमांड मिलने लगे हैं। ऐसे में ग्राहकों को अब किसी भी मॉडल के लिए ज्यादा इंतजार करना नहीं पड़ता है। कारों की सप्लाई ज्यादा होने के कारण सभी डीलरों के पास भरपूर स्टॉक भी है। टोयोटा की हाई क्रास के साथ कुछ ही मॉडल ऐसे हैं जिनकी वेटिंग एक से दो माह है।

दो साल पहले एसयूवी कारों के ज्यादातर टॉप मॉडल ऑन डिमांड मिल ही नहीं रहे थे। कई मॉडलों में छह-छह माह तक की वेटिंग थी, लेकिन अब ⏭ शेष पेज 13 पर

### नवरात्रि में बिकेंगे खूब वाहन

नए साल में पहली नवरात्रि में भी वाहनों के ज्यादा बिकने की संभावना है। हालांकि इस नवरात्रि में शारदे नवरात्रि जितने वाहन नहीं बिकते हैं। लेकिन लोग शुभ मुहूर्त में जरूर वाहन लेते हैं। कारों के अपने मनपसंद मॉडल के लिए भी लोगों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### ज्यादातर मॉडल ऑन डिमांड

कारों के ज्यादातर मॉडल अब ऑन डिमांड मिल रहे हैं। कुछ मॉडलों में जरूर वेटिंग हैं।

-विवेक गर्ग
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ फाडा

### जनवरी में रिकॉर्ड बिक्री

बीते साल प्रदेश में ऑटोमोबाइल सेक्टर में भारी संख्या में वाहन बिके। त्योहारी सीजन बहुत अच्छा गया। इसके बाद अब नए साल का पहला माह भी बहुत अच्छा गया है। इस माह तो प्रदेश में ऑटो एक्सपो के कारण भी ज्यादा वाहन बिके हैं। जनवरी में कुल मिलाकर 71713 वाहन बिके हैं।

## शहर का पारा 33 के करीब...




**रायपुर।** रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 33 डिग्री के करीब पहुंच गया, माह के अंतिम दिन पारा 36 डिग्री तक पहुंचने की उम्मीद है। अभी पश्चिम से पूर्व की ओर आने वाली हवा के प्रबल होने की वजह से दिन का पारा चढ़ रहा है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। रायपुर की गर्मी लगातार तीसरे दिन राज्य में सबसे अधिक रही। विशेषज्ञों के अनुसार, फरवरी के अंतिम दिनों तक गर्मी का तेज असर महसूस होने लगता है। अभी दिन में गर्मी का अनुभव बढ़ रहा है और रात में राहत महसूस हो रही है। धीरे-धीरे रात का पारा चढ़ने के बाद यहां से ठंड की पूरी तरह विदाई हो जाएगी। वर्तमान में ठंड का अच्छा प्रभाव अंबिकापुर समेत राज्य के उत्तरी सीमावर्ती क्षेत्रों में महसूस हो रहा है। वहां से ठंड की विदाई मार्च के अंतिम दिनों में ही होती है।

# 12 की जगह 9 दिनों में मूल्यांकन, क्योंकि व्यवस्था ऑनलाइन, जुड़ेंगे अधिक शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कल से प्रारंभ होगी सीबीएसई की परीक्षाएं, इसके पूर्व ही मूल्यांकन की तैयारी
- ऑनलाइन मार्किंग सिस्टम के कारण अधिक संख्या में शिक्षक होंगे मूल्यांकन के लिए उपलब्ध



सीबीएसई की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से प्रारंभ होगी। इसके पूर्व केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने परीक्षाओं के लिए वेबकास्ट कर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस दौरान सीबीएसई ने बताया, कक्षा 12वीं में ऑन-स्क्रीन मार्किंग से मूल्यांकन तेज होगा और समय 12 से घटकर 9 दिन हो सकता है। छात्रों को सुबह 10 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है। स्कूल यू-ट्यूब के जरिए इस वेबकास्ट जुड़े, जिसमें बोर्ड परीक्षा 2026 से जुड़े नए दिशा-निर्देश और बदलावों की जानकारी ⏭ शेष पेज 13 पर

### ट्रैफिक का ध्यान रखें छात्र

बोर्ड ने सभी छात्रों को परीक्षा के दिन समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह दी है। परीक्षा सुबह 10:30 बजे शुरू होगी, इसलिए छात्रों को 10:00 बजे तक सेंटर पर पहुंचना जरूरी है। ट्रैफिक जाम या डायवर्जन जैसी संभावित दिक्कतों की पहले ही पतासाजी करने कहा गया है। छात्रों को पहले से सेंटर जाकर रास्ता समझ लेने और समय का सही प्लान बनाने की सलाह दी है। सीबीएसई का कहना है कि नए डिजिटल बदलावों और स्पष्ट दिशा-निर्देशों का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और छात्रों के लिए अधिक आसान बनाना है।

### गणना में त्रुटि की गुंजाइश नहीं

बोर्ड के मुताबिक, ऑटोमेटेड सिस्टम से मूल्यांकन तेज होगा और मानवीय हस्तक्षेप कम होगा। अधिक संख्या में शिक्षक डिजिटल तरीके से कॉपियां जांच सकेंगे, जिससे प्रक्रिया तेज होगी। सूत्रों के अनुसार इस बार विदेशों में संचालित सीबीएसई बोर्ड के शिक्षक भी मूल्यांकन कार्य का हिस्सा बनेंगे। इससे भी तेजी आएगी। मूल्यांकन का समय 12 दिनों से घटकर करीब 9 दिन रह सकता है। कॉपियों के ट्रांसपोर्ट पर लगने वाला समय और खर्च कम होगा। परिणाम घोषित होने के बाद अंकों की अलग से वेरिफिकेशन सुविधा नहीं होगी। यह निर्णय ⏭ शेष पेज 13 पर




स्टाफ को अब फर्स्ट या सेकेंड एसी में कोई बर्थ नहीं मिलेगा

*एसी और वेंडिंग स्टाफ को मिलने वाले बर्थ के नियमों में कटौती, अब ये सीटें यात्रियों को दी जाएगी*

# लंबी दूरी की ट्रेन में स्टाफ की सीट पर यात्री करेंगे सफर, वेटिंग घटेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय रेलवे ने अपनी आय को बढ़ाने के लिए नियमों में बदलाव किया है। ट्रेन संचालन में तैनात 'ऑन-बोर्ड स्टाफ' (एसी और वेंडिंग स्टाफ) को मिलने वाली बर्थ के नियमों में कटौती कर रेलवे ने सीधे तौर पर अपने राजस्व को बढ़ाने का खाका तैयार किया है। इस नई व्यवस्था से न केवल यात्रियों को कंफर्म सीटें मिलेंगी, बल्कि प्रीमियम कोच से होने वाली कमाई में भी बड़ा उछाल आएगा। रेलवे के नए नियमों के मुताबिक, अब एसी प्रथम और एसी द्वितीय में ⏭ शेष पेज 13 पर



### स्टाफ को सिर्फ थर्ड एसी में दो सीटें मिलेंगी

अब तक लंबी दूरी की ट्रेनों में एसी कोच के गेट के पास या बीच के बर्थ स्टाफ के नाम आरक्षित रहते थे। नए नियम के अनुसार, एसी स्टाफ को अब फर्स्ट या सेकेंड एसी में कोई बर्थ नहीं मिलेगा। पूरी एसी ट्रेन में स्टाफ को सिर्फ थर्ड एसी में दो सीटें मिलेंगी। यदि ट्रेन में स्लीपर कोच है तो एसी मेंटेनेंस स्टाफ को अनिवार्य रूप से स्लीपर क्लास में ही शिफ्ट होना होगा। इस नए नियम से हर ट्रेन में औसतन चार से छह प्रीमियम सीटें यात्रियों के खाते में आएंगी।

### पूरी ट्रेन में सफाई की निगरानी बेहतर हो सकेगी

ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग स्टाफ (ओबीएचएस) के लिए अब स्प्रेड मॉडल लागू किया गया है। इन्हें अब एक ही जगह बैठने के बजाय ट्रेन के चार अलग-अलग कोच में एक-एक साइड लोअर बर्थ दिया जाएगा। इसके लिए कम से कम कोच का अंतर होगा, ताकि पूरी ट्रेन में सफाई की निगरानी बेहतर हो सके। ट्रेनों में खाना बेचने वाले वेंडिंग स्टाफ के लिए नियम बेहद सख्त कर दिए गए हैं। यदि ट्रेन में पेंट्रीकार है तो वेंडरों को यात्री कोच के अंदर एक भी सीट नहीं मिलेगी। उन्हें पेंट्रीकार में ही अपनी जगह बनानी होगी। हालांकि बिना पेंट्रीकार वाली ट्रेनों में उन्हें स्लीपर क्लास में दो बर्थ दिए जाएंगे।



खबर संक्षेप

## स्मार्ट मीटर पखवाड़े में किया लोगों को जागरूक



**आरंग।** छ.ग. राज्य विद्युत मंडल के स्थानीय कार्यालय परिसर उप संभाग आरंग में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा मनाया गया। स्मार्ट मीटर जागरूकता पखवाड़ा में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य अमेठी राकेश प्रीति चंद्राकर, सरपंच सती बाई लहरी (ग्राम पंचायत खमतराई), कार्यपालन अभियंता शशांक श्रीवास्तव, सहायक अभियंता आरंग महादेव देवांगन, कनिष्ठ अभियंता आरंग ग्रामीण प्रशांत विलसन पन्ना, कनिष्ठ अभियंता आरंग शहर ओमप्रकाश सिन्हा, कनिष्ठ अभियंता तामासिवनी गुलशन रंगारी एवं कनिष्ठ अभियंता समोदा पंकज कोसले मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ताओं को गूगल प्ले स्टोर से मोर बिजली एप डाउनलोड करने की सुविधा दी गई और एप की विभिन्न सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। स्मार्ट मीटर की स्थापना के साथ उपभोक्ताओं को अधिक पारदर्शी बिलिंग, विद्युत हानि रोकने और दैनिक विद्युत खपत की निगरानी जैसी सुविधाएं प्राप्त होगी। ऑटोमेटेड टेंपरिंग एनालिसिस के माध्यम से मीटर से छेड़छाड़ और बिजली चोरी के प्रयास रोके जा सकेंगे, जिससे वितरण हानि कम होगी और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को इंपोर्ट और एक्सपोर्ट खपत के बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी। कार्यक्रम में स्मार्ट मीटर योजना पर प्रश्नावली के माध्यम से उपभोक्ताओं से उनके सुझाव और अनुभव भी लिए गए। इस पहल से उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर के फायदे और विद्युत बचत के प्रति जागरूकता बढेगी और उन्हें अपने बिजली उपयोग पर अधिक नियंत्रण प्राप्त होगा।

## अमसेना स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई



**आरंग।** गुरु घासीदास जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमसेना में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि राजेश्वरी डहरिया, जनपद सदस्य आरंग ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिन डहरिया प्रतिनिधि, मनटोरा विश्वकर्मा (पूर्व पंच) उपस्थित रहे। इस अवसर पर वार्षिक प्रतिभा सम्मान के अंतर्गत कक्षा नवमी से बारहवीं तक प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले, सर्वाधिक उपस्थिति, नृत्य, क्रीड़ा, निबंध, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों के साथ-साथ स्काउट-गाइड, रेडक्रॉस, सांस्कृतिक, इको क्लब, दल नायक एवं बैंड ग्रुप द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**पर्व : पूजा-आरती भोग भंडारे के साथ श्रद्धालुओं ने किया भजन कीर्तन**

# महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए शिवालयों में सुबह से लगी लंबी कतार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



तिल्दा नेवरा सहित आसपास गावो में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। शहर के सभी शिवालयों में सुबह से ही भक्तों आना शुरू हो गया था। भीड़ के चलते श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक करने और दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।तिल्दा के सोमनाथ में हजारो की सख्या में श्रद्धालु शिवनाथ और खारुन के पवित्र सगम में डूबकी लगाकर भगवान शिव के दिव्य शिव लिग का दर्शन किया यहाँ दोपहर *ब्जे तक भक्तो की लंबी कतार देखने को मिली ।

तिल्दा सिंधी कैम्प स्थित देवीदीन शिव मंदिर में श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक करते दिखे यहाँ हलवा दाल पुड़ी का प्रसाद वितरण किया गया । शुलेलाल मंदिर में स्थित शिव मंदिर में शिव भक्तो का ताता लगा रहा। मंदिर भगवन शिव का विशेष सृंगार किया गाआय था 7 बजे भोलेनाथ की महाआरतीकर प्रसादी बाटी गई ..भैरवगड मता मंदिर में दिन भर भक्तो की भीड़ लगी रही हर-हर महादेव जय भोलेनाथ के जय घोष से मंदिर गुंजायमान होता रहा है .मंदिर आए भक्तो को पुड़ी शोले का प्रसाद वितरण किया गया ,सरकारी अस्पताल परिसर में स्थित शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही यहाँ भी भक्तो को प्रसाद का वितरण किया गया। बंजारी माता खपरी मढ़ी में भारी संख्या में भोलेनाथ का दर्शन करने भक्त पहंचे थे .मंदिर में भक्तो की कतारें 50 फीट तक लंबी देखी गईं। भक्त अपने हाथों में जल, नारियल, फूल और धतूरा लेकर



भगवान शिव को अर्पित करने पहुंचेथे। महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में विशेष अनुष्ठान किए गए । सुबह 5 बजे से जलाभिषेक के बाद दोपहर में भोग आरती संपन्न हुई। देर रात तक भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए ।

## मुक्तेश्वर मंदिर में की गई विशेष पूजा

**कूंरा।** महाशिवरात्रि के अवसर पर ग्राम चरौदा के मुक्तेश्वर शिव मंदिर धाम में विशेष पूजा पाठ किया गया इस अवसर पर पुजा में सरपंच संगीता पप्पू ध्रुव, मंदिर समिति अध्यक्ष हीरेश साहू, पंचगण लक्ष्मी साहू, पुष्पा साहू, साहिन वर्मा, ईश्वर वर्मा, राहूल वर्मा, लेखराम वर्मा, तनुज वर्मा, बलराम साहू,ठाकुर राम साहू, सूरज निर्मलकर, संतोष साहू एंव सभी ग्राम वासी उपस्थित हुए। इस विशेष पुजा में ब्रदी वर्मा, टीनूकांत वर्मा, कृष्णा वर्मा, सूरज निषाद, सोनू धीवर से पंडित भावेश महराज और सतीश महराज ने शिव मंदिर में विशेष पुजा करवाया गया इस महाशिवरात्रि में सुबह से भक्तो का भीड लगा रहा शाम को शिव पार्वती का पालकी ग्राम में भव्य बाजे गाजे के साथ भ्रमण किया ।

## सोमनाथ धाम में श्रद्धालुओं का तांता

*तरपोंगी। सोमनाथ धाम (लखना) में महाशिवरात्रि के पर्व पर शिवनाथ एवं खारून नदी के संगम स्थल पर हजारो श्रद्धालु जन डुबकी लगाकर भू फोड़ शिव लिंग का दर्शन पूजन किये। सुबह से लेकर शाम तक शिवालय में लंबी कतारे लगी रही।मेला देखने आये लोगो ने संगम स्थल पर नाव का आनन्द लिया।इनके अलावा अनेक धार्मिक कार्यक्रम भी सम्पन्न कराया। क्षेत्र के सभी शिवालय में दिन भर हर हर महादेव गूंजते रहे। प्रतिवर्ष लगने वाला सोमनाथ मेला दूर दराज एवं आस पास के गांवों से आने वालो लोगो की धार्मिक श्रद्धा एवं आस्था का केंद्र है। मोहदेश्वर धाम मोहदा में भी भू फोड़ शिव लिंग का दर्शन करने सुबह से ही लंबी कतारे लगी रही। यहां भी धार्मिक कार्यक्रम के साथ मुंडन संस्कार भी कराया गया।*

## महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ सेवा समिति ने किया भंडारा

**सिलयारी।** जय भोलेनाथ सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि की पावन बेला पर रुद्राभिषेक, विशाल भोग-भंडारा तथा भोले मानस परिवार के भजन-संगीत कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर बाबा भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण किया एवं भक्ति-संगीत का आनंद लिया। समिति के अध्यक्ष विकास शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर समिति कई वर्षों से निरंतर भोग-भंडारा आयोजित करती आ रही है। समिति धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ कांवड़ यात्रा का आयोजन तथा विभिन्न सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेती है।

## महाशिवरात्रि पर रुद्राष्टक पाठ के साथ श्रद्धालुओं ने किया जल व दुग्धाभिषेक

**रायपुर।** मठपुरैना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में स्थित सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर सहित आरंग,

- पूजा-अर्चना के बाद भोग भंडारे का आनंद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लिया

धरसींवा, तरपोंगी, अभनपुर सहित अनेक स्थानों पर महाशिवरात्रि पर मंदिर में रुद्राभिषेक का शुभारंभ ब्रम्ह मुहूर्त से किया



गया जो देर शाम तक जारी है। इस अवसर पर सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू, सोमनाथ, दीनदयाल साहू औ राजकुमार धीवर ने रुद्राष्टक का गायन किया। मानस पाठ में पुजारी घनश्यामदास वैष्णव, किशोर साहू, नीलकंठ, भोजराज साहू, रामचरन पटेल, वंसती मानिकपुरी, गंगा यादव, मुक्ति साहू का सहयोग रहा। 16 फरवरी को मानसपाठ की पूर्णाहुति हवन-पूजन के साथ किया जाएगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री शुक्ला की पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर द्वारा अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सिंचाई प्रबंधन के कुशल विशेषज्ञ स्वर्गीय पंडित श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि तथा पुलवामा आतंकी हमला में 14 फरवरी 2019 को शहीद हुए सीआरपीएफ के 40 जवानों की स्मृति में पूर्व विधायक कार्यालय सद्भावना कुटी, अभनपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस मौके पर स्वर्गीय श्यामाचरण शुक्ल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें नमन किया। साथ ही पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पीसीसी सचिव प्रवीण साहू ने कहा कि श्यामाचरण शुक्ल जी सहज एवं सरल व्यक्तित्व के धनी थे और एक कर्मठ राजनेता के रूप में उनकी पहचान रही। किशोरावस्था में ही वे स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ गए थे और जीवनभर देश व आम जनता की सेवा में समर्पित रहे। छत्तीसगढ़ सहित समूचे मध्यप्रदेश की प्रगति में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने पुलवामा हमले में शहीद जवानों की वीरता और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि देश उनके त्याग को कभी नहीं भुला सकता।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्या भूषण सोनवानी, बलविंदर गांधी, नीलकमल गिलहरे, दिनेश राव अंबिलकर, डोमेंद्र साहु, बीरेंद्र सिन्हा, हिम्मत सिंह, पार्थ वैष्णव, बालकृष्ण साहू, शैलेंद्र यादव सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## 1.80 लाख नकद, तीन मोबाइल, पासबुक और एटीएम जब्त, सटोरी न्यायिक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



तिल्दा नेवरा में इंडिया-पाकिस्तान मैच से पहले ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले सटोरी को पुलिस कर्मियों ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1 लाख 80 हजार नकद ,मोबाइल,आलग अलग बैंको के एटीएम कार्ड चेक बुक .और सट्टे से जुड़े उपकरण जब्त हुआ है। आरोपी जितेन्दर बिरला उर्फ बबलू हरियाणा का रहने वाला है। आरोपी किराए के मकान में रहकर सट्टा सिंडिकेट चला रहा था। उसके साथियों की तलाश पुलिस कर रही है। जितेन्दर बिरला जिस मकान में रहता है मकान मालिक के द्वारा उनके रहने की सुचाना पुलिस को नही दी गई थी।

पुलिस सूचना मिली थी कि, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कोहका स्थित एक मकान में एक व्यक्ति के द्वारा टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप के चलते ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा है। सूचना को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रशांत शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक वि धा न स भा वीरेंद्र चतुर्वेदी एवं थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा निरीक्षक रमाकांत तिवारी को तत्काल सूचना की तस्दीक कर आरोपी की पतासाजी कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एस पी के निर्देश पर निरीक्षक रमाकांत तिवारी टीम के साथ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पहुंचकर उस माकन में छापा मारा तो । जितेंद्र बिरला उर्फ बबलू ऑनलाइन प्लेटफार्म 777 ग्रेंड एक्सचेंज- –JMD BET से सट्टा खिला रहे थे पुलिस ने उसे तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने ऑनलाइन सट्टा खिलाने की बात स्वीकारी। पुलिस ने आरोपी के पास से 1.80 लाख रुपए कैश, तीन मोबाइल (कीमत करीब 75 हजार रुपए), अलग-अलग बैंक व नमो के 20 पासबुक, 10 चेकबुक, 14 एटीएम कार्ड, आधार-पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस,सट्टे का हिसाब-किताब रजिस्टर, कैलकुलेटर और अन्य सामग्री सहित 2.55 लाख का सामान जब्त किया है।

- इंडिया-पाकिस्तान मैच से पहले ऑनलाइन सट्टे का भंडाफोड़, सिंडिकेट के सदस्यों की तलाश
- आरोपी जितेन्दर बिरला उर्फ बबलू हरियाणा का निवासी, यहां किराए के मकान में चला रहा था गोरखधंधा

### सिंडिकेट के सदस्यों की तलाश : डीएसपी

इस मामले में डीएसपी वीरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपी - जितेन्दर बिरला उर्फ बबलू उर्फ बिल्ला पिता हुकम सिंह (43) कोहका से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के सिंडिकेट में कौन–कौन शामिल है ? इसका पता लगाया जा रहा है। हलाकि सिंडिकेट से जुड़े कुछ और नाम सामने आए है. उनके सबूत जुटाए जा रहे है। सभी सदस्यों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी के विरुद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7, 8 एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 112(2) का अपराध पंजीबद्ध किया गया। शनिवार शाम को आरोपी न्यायालय में पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया गया।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल का एयरपोर्ट में स्वागत

**अभनपुर।** बजट सत्र से भाग लेकर लौटे रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल का रायपुर एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत किया गया। सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में ग्राम पंचायत मानिकचौरी की सरपंच श्रीमती हेमलता साहू, भाजपा मंडल नवापारा के महामंत्री चेतन साहू, द्विज साहू, रोहित साहू तथा नरेन्द्र बर्मन ने सांसद से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय स्तर पर अधोसंरचना, मूलभूत सुविधाओं और जनहित से संबंधित मुद्दों को सांसद के समक्ष रखा। सांसद श्री अग्रवाल ने सभी विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना उनकी प्राथमिकता है। मुलाकात के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास में निरंतर सहयोग की अपेक्षा जताई।

## रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण में 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के तहत आरंग विधानसभा के विभिन्न स्कूलों में आरंग युवा एवं खेल संगठन के मार्शल आर्ट प्रशिक्षकों द्वारा एक माह तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पश्चात आरंग मार्शल आर्ट क्लब में विधानसभा स्तरीय समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पूरे विधानसभा से विभिन्न स्कूलों के 150 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आरंग युवा एवं खेल संगठन के संरक्षक योगेंद्र चंद्राकर एवं अध्यक्ष अमन साहू ने सभी खिलाड़ियों को खेल संबंधी जानकारी देते हुए संबोधित कर किया। सभी खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अंडर-14 वर्ग में 20 किग्रा वर्ग में प्रथम अनन्या, द्वितीय आशिता, तृतीय वेदिका; 22 किग्रा वर्ग में प्रथम छाया, द्वितीय भारती, तृतीय नोमीता; 24 किग्रा वर्ग में प्रथम चंचल, द्वितीय युवानी; 26 किग्रा वर्ग में प्रथम टीकेश्वरी, द्वितीय लावण्या, तृतीय एकता; 28 किग्रा वर्ग में प्रथम शिवानी, द्वितीय झरना, तृतीय माही; 30 किग्रा वर्ग में प्रथम देविका, द्वितीय हिमांशी, तृतीय सोनम; 34 किग्रा वर्ग में प्रथम चिरागनी, द्वितीय एकता, तृतीय तारणि; 36 किग्रा वर्ग में प्रथम जीतेश्वरी, द्वितीय कोमीन, तृतीय मीरा; 38 किग्रा वर्ग में प्रथम त्रिवेणी, द्वितीय देविका, तृतीय कुमकुम; 40 किग्रा वर्ग में प्रथम अपर्णा, द्वितीय तन्नू, तृतीय चंचल; 42 किग्रा वर्ग में प्रथम डिम्पल, द्वितीय डिगेश्वरी; 45 किग्रा वर्ग में प्रथम साधना, द्वितीय महक, तृतीय धनेश्वरी रहीं। अंडर-16 वर्ग में 38 किग्रा वर्ग में प्रथम काजल, द्वितीय ममता, तृतीय राधिका; 40 किग्रा वर्ग में प्रथम गुड्डी, द्वितीय योगिता; 42 किग्रा वर्ग में प्रथम संजना, द्वितीय नवोदिता रहीं। अंडर-19 वर्ग में 46 किग्रा वर्ग में प्रथम कशिश, द्वितीय मोनिका, तृतीय मुस्कान; 52 किग्रा वर्ग में प्रथम कुमकुम, द्वितीय नूतन; 60 किग्रा वर्ग में प्रथम वंदना, द्वितीय कुसुम; 62 किग्रा वर्ग में प्रथम रीना, द्वितीय माया रहीं। बालक वर्ग में 20 किग्रा वर्ग में प्रथम यथार्थ; 26 किग्रा वर्ग में प्रथम शशांक, द्वितीय रजत; 28 किग्रा वर्ग में प्रथम भूषण, द्वितीय वेदांत; 58 किग्रा वर्ग में प्रथम अखिल, द्वितीय निहाल रहे। आरंग युवा एवं खेल संगठन के अध्यक्ष अमन साहू ने बताया कि संगठन पूरे विधानसभा के खिलाड़ियों को अनेकों खेलों में प्रशिक्षण देकर आरंग विधानसभा को खेलों का गढ़ बनाने के लिए प्रयासरत है।



## शिव-पार्वती विवाह कथा पर श्रोता हुए भावविभोर

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सड्डू में चल रहे संगीतमय शिव महापुराण कथा के पांचवे दिन कथा वाचक पं रामकृष्ण शुक्ला ने शिव पार्वती विवाह की कथा को विस्तार से बताया। शिव पार्वती विवाह में पूरा गांव के लोग सम्मिलित हुए। विवाह की रस्म पूरा कर बारात स्वागत में श्रोता गण जम कर झूमे नाचे।

### //आम सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा हितग्राहियों को लीज में भवन आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, फ्री-होल्ड संपरिवर्तन निम्नानुसार किया जाना है :-

| क्र. | आबंटी का नाम | पिता / पति का नाम | कॉलोनी का नाम | भू-खण्ड/ भवन क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री ज्योतिष मिंज | स्व.श्री अघनू मिंज | गातापार, अभनपुर | LIG-330 |
| 2 | श्रीमती मंजू लिलि पुष्पा मिंज | श्री ज्योतिष मिंज | - तदैव- | LIG-331 |
| 3 | श्री मुकेश कुमार देवांगन | श्री हीरालाल देवांगन | - तदैव- | LIG-142 |

अतः इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर किसी भी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

### //आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने महावीर जैन पिता श्री मिश्री लाल जैन निवासी चावेला मार्ग चांदनी चौक संबलपुर कांकेर (छ.ग.) उसके/उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम खोरपा प.ह.नं. 00009 रा.नि.मं. खोरपा तहसील अभनपुर जिला- रायपुर (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 1616/2, 1616/8, 1616/9, रकबा क्रमशः 0.0450, 0.0930, 0.0550 हे. को क्रय करने का सौदा किया है।

उपरोक्त वर्णित भूमि या उसके किसी भाग के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में या उक्त सव्यवहार, अंतरण के संबंध में किसी व्यक्ति, बैंक, ग्राम पंचायत, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, साहूकार आदि को कोई दावा-आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज के साथ मेरे नीचे दिये पते पर मेरे समक्ष लिखित में प्रस्तुत करें। उक्त आम सूचना का खण्डन समाचार पत्र के माध्यम से अस्वीकार होगा। म्याद बाद उक्त वर्णित भूमि का मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन करवा लिया जावेगा, तदोपरांत की गई कोई भी दावा-आपत्ति अवैध व शून्य माना जावेगा जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 14/02/2026

तापस कांति घोष
अधिवक्ता
छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी नौकरी, ऊपर से नीचे तक कसेगा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में फर्जी जाति प्रमाण पत्र पर सरकारी नौकरी करने के मामले में उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की पिछले दिनों हुई बैठक में लिए गए निर्णय के मुताबिक इन मामलों में प्रथम श्रेणी के पद पर काम करने वाले अधिकारी समेत द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के चपरासी पद पर काम करने वाले कर्मियों पर शिकंजा कस सकता है। ऐसे मामलों में जल्द ही आदेश जारी हो सकता है।

राज्य में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने के कई मामले अलग-अलग स्तरों पर चल रहे हैं। यहां अन्य वर्गों के लोग एससी या एसटी के प्रमाण पत्र बनवाकर या तो सरकारी नौकरी कर रहे हैं या इसी तरह के प्रमाण पत्र के दम पर चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों स्थितियों में ये लोग आरक्षित वर्गों के लोगों के संवैधानिक अधिकारों का घनघोर उल्लंघन कर रहे हैं। इस तरह के मामलों की जांच पड़ताल के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति का गठन किया गया है। यह समिति नियमित अंतराल में बैठकें करके जाति प्रमाण पत्र संबंधी मामलों की सुनवाई करती है।

खास खबर

- उच्चस्तरीय छानबीन प्रमाणीकरण समिति की बैठक
- सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई भी




## पांच लोगों को सुनवाई का अंतिम अवसर

उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति ने 5 प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र धारकों को सुनवाई का एक और अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आगामी बैठक में उपस्थित होकर अपनी जाति के संबंध में प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। एक प्रकरण में विजिलेंस टीम को दुबारा मौके पर जाकर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। वहीं 5 प्रकरणों में पक्षकार अनुपस्थित रहे।


## छह मामलों में जारी होगा आदेश

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में गुरुवार को उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की बैठक में 17 प्रकरणों की समीक्षा एवं सुनवाई की गई। इनमें जाति जांच प्रकरण से संबंधित 12 प्रकरणों में पक्षकार समिति के समक्ष उपस्थित हुए। 6 प्रकरणों की सुनवाई पूर्ण कर आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में सूत्रों के मुताबिक जिन मामलों में आदेश जारी होने की बात कही जा रही है, उनमें प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी, तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी के कर्मी शामिल हैं। जाति प्रमाण पत्रों की जांच का मामला अत्यंत गोपनीय एवं संवेदनशील होने के कारण फिलहाल इसका ब्योरा नहीं दिया जा रहा है। बताया गया है कि पिछली सुनवाई में एक मामले में फिलहाल विजिलेंस जांच और सोशल स्टेटस की जांच नहीं की गई है। इसी जांच के दौरान 1950 के रिकार्ड भी देखे जाते हैं, इसके बाद निर्णय होते हैं।

## फर्जी प्रमाण पत्रों का बड़ा खेल

इधर राज्य गठन के समय से लेकर अब तक फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने के डेढ़ सौ के करीब मामले सामने आने की जानकारी सूत्रों ने दी है। कहा जा रहा है कि हाल ही में बिलासपुर जिले के मस्तूरी क्षेत्र में ओबीसी समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में बैगा जनजाति का प्रमाण पत्र बनवा लिया है। इसी तरह फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने वाले के मामले भी चल रहे हैं। कई लोग अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र बनवाकर इन वर्गों के लोगों के अधिकारों पर डाका डाल रहे हैं। इन्हीं कारणों से सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उच्च स्तरीय छानबीन समिति काम कर रही है, ताकि यह फर्जीवाड़ा करने वाले बेनकाब हो सकें।

## खबर संक्षेप



### मुनि सुयश सागर का नगर प्रवेश, फाफाडीह में बहेगी धर्म की गंगा

रायपुर। सन्मति नगर दिगंबर जैन खंडेलवाल मंदिर में पट्टाचार्य विशुद्धसागर महाराज के शिष्य मुनि सुयश सागर और मुनि कौशल्य सागर का रविवार शाम को मंगल प्रवेश हो गया है। जैन मंदिर प्रवेश के अवसर पर जैन समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या ने बताया कि मुनि संघ पदविहार कर बलौदाबाजार, भाटापारा, नेवरा, सिमगा, सांकरा होते हुए सुबह ग्राम गिरोद स्थित जिनेंद्र कुमार, जयेश कुमार पाटनी के परिसर अहारचर्या के बाद विहार कर सायं 5.30 बजे मुनि संघ का प्रवेश फाफाडीह जैन मंदिर में सकल दिगंबर जैन समाज की उपस्थिति में हुआ। इसी दौरान मुनिश्री ने अपने उद्बोधन में कहा, जब जो मिलना है, वह निश्चित है। आप सभी के पुरुषार्थ चलते संपूर्ण रायपुर के समाज को धर्मलाभ मिलने जा रहा है।

### सिकलसेल मरीजों की विशेष ओपीडी आज से

रायपुर। आंबेडकर अस्पताल के बाल्य एवं शिशु रोग विभाग द्वारा सिकलसेल रोग से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष दवाई वितरण, आवश्यक जांच तथा न्यूमोकोकल वैक्सीनेशन के लिए 16 से 23 फरवरी तक विशेष ओपीडी आयोजित की जाएगी। इस दौरान सिकलसेल रोगियों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया जाएगा। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की समुचित जांच कर परामर्श दिया जाएगा तथा अभिभावकों को रोग प्रबंधन, पोषण एवं संक्रमण से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की जाएगी। अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा कि अभिभावक, निर्धारित तिथियों में अपने बच्चों को शिविर में अवश्य लाएं, ताकि समय पर उपचार एवं टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल सिकलसेल रोगियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं जीवन गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### धोबी समाज का महाधिवेशन परिचय सम्मेलन 22 को

रायपुर। बालोद जिले के आमदी स्थित पलारी में 22 फरवरी को धोबी समाज का महाधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के विवाहयोग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भी कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे समाज के प्रदेशाध्यक्ष सूरज निर्मलकर करेंगे। अधिवेशन में विवाहयोग्य युवक-युवती परिचय देकर अपना मनपसंद जीवनसाथी का चयन कर सकेंगे। साथ ही सामाजिक एकता और जागरूकता के लिए समाज के महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसका नेतृत्व महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष मैना निर्मलकर करेंगी। इस परिचय सम्मेलन में राजधानी से भारी संख्या में विवाहयोग्य युवक-युवती को साथ लेकर सुबह 7 बजे नातिन धोबिन दाई परिसर बोरियाखुर्द से सामाजिक बस में प्रदेश उपाध्यक्ष बोधीराम निर्मलकर तथा जिला अध्यक्ष जगमोहन निर्मलकर साथ लेकर रवाना होंगे।

# शादियों के सीजन से सराफा को मिली ऑक्सीजन


## पटरी पर 70 फीसदी कारोबार : सोने-चांदी के रोज रिकॉर्डतोड़ बदलते दाम से 80 फीसदी कारोबार हो गया था चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शादियों का सीजन प्रारंभ होने के कारण सराफा बाजार को ऑक्सीजन मिल गई है। अब सराफा बाजार में वापस रौनक लौट आई है। कुछ समय पहले सोने और चांदी के दाम बहुत ज्यादा होने के कारण निवेशक तो लगातार खरीदारी कर रहे थे, लेकिन आम ग्राहक पूरी तरह से सराफा बाजार से दूर हो गए थे। ऐसा होने से सराफा कारोबारियों की हालत खराब हो गई थी। 80 फीसदी से ज्यादा कारोबार चौपट हो गया था। अब 70 फीसदी कारोबार तो होने लगा है, लेकिन अब भी 30 फीसदी कारोबार प्रभावित है। कारोबार के सौ फीसदी वापस पटरी पर आने के आसार बिलकुल नहीं हैं, क्योंकि सोने और चांदी की कीमत अब भी लगातार कम ज्यादा हो रही है।

हरिभूमि फॉलोअप

फरवरी से शादियों का सीजन प्रारंभ हो गया है। ऐसे में जिनके परिवार में शादी है, वो सोने और चांदी के जेवरों की खरीदारी करने के लिए बाजार में आने लगे हैं। हालांकि खरीदारी का तरीका पूरी तरह से बदल गया है। शादियों के लिए जो ग्राहक अपने बजट में पहले 5 से 10 तोले के सोने के जेवर लेते थे, उनकी खरीदारी अब दो से तीन तोले पर आ गई है। एक-दो तोले की खरीदारी करने वाले खरीदारी ही नहीं कर पा रहे हैं। जिनके पास 50 हजार से एक लाख का बजट है, उनको तो एक तोले के जेवर भी नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे ग्राहक अब कम कैरेट वाले जेवरों की तरफ जा रहे हैं। चांदी के जेवर बेचने वालों ने तो बड़ी और मोटी 10 से 15 तोले की पायलों को बंद करके रख दिया है। इनकी खरीदारी नहीं हो रही है। अब बहुत पतली एक दो तोले की पायल ही बिक रही है। इसी के साथ बिछिया भी कम ग्राम वाली ही बिक रही है। छत्तीसगढ़ में चांदी के करधन की बहुत मांग रहती है। इसका वजन अब 20 से 25 फीसदी पर आ गया है। 10 से 20 तोले तक वाला करधन अब चार से पांच तोले पर आ गया है।



### सोने और चांदी पर कस्टम ड्यूटी खत्म करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केन्द्रीय बजट 2026-2027 को लेकर सराफा व्यवसाय को लेकर केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को प्रेषित सुझाव में रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने सोने और चांदी पर कस्टम ड्यूटी जो वर्तमान में 6 प्रतिशत है, उसे समाप्त करने की मांग की है।

- रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को भेजा बजट के लिए सुझाव

श्री मालू ने सुझाव देते हुए कहा, सोने और चांदी के भाव में अस्थिरता उतार-चढ़ाव चल रहा है। इससे आम उपभोक्ता में असमंजस की स्थिति है। हर शहर में भाव अलग-अलग है। जिस प्रकार



पूरे देश में हाल मार्किंग जेवर का विक्रय अनिवार्य किया है किंतु हॉल मार्किंग सेंटरों की उपलब्धता कम है। यदि हाल मार्किंग केंद्र खोलने में सब्सिडी दी जाती है तो पूरे देश में हाल मार्किंग सेंटर प्रत्येक जिले में स्थापित होने की संभावना है। वर्तमान में देश में सोने एवं चांदी के निर्माण करने वाले कारीगरों की स्थिति सही नहीं है इन्हें स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध किया जाए। साथ ही देश के सभी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में जेम्स एवं [illegible]

### अब आम खरीदारी अब भी बंद

सराफा कारोबारियों का कहना है कि भले शादियों के लिए खरीदारी हो रही है, लेकिन आम खरीदारी पूरी तरह से अब भी बंद है। पहले जब सोने और चांदी के दाम कम रहते थे तो आम ग्राहकों की खरीदारी रोज होती थी। जिनके पास भी कुछ बचत होती थी वो छोटे सोने और चांदी के जेवर ले लेते थे। कोई पांच हजार की खरीदारी कर लेता तो कोई 25 हजार की भी खरीदारी कर लेता था। यह आम बात थी, लेकिन अब इस तरह की खरीदारी पूरी तरह से बंद हो गई है। अब महज जरूरत की खरीदारी ही हो रही है।

### कुछ कीमत कम होने से भी राहत

सोने के दाम तो ज्यादा कम नहीं हुए हैं, लेकिन चांदी के दाम कम होने से थोड़ी सी राहत है। चांदी के दाम तो चार लाख के पार चले गए थे, लेकिन इस समय चांदी के दाम डाई लाख से थोड़े से ज्यादा हैं। इसी के साथ सोना 24 कैरेट का सोना 160000 दस ग्राम है। वैसे सोना भी पौने दो लाख रुपए के पार हो गया था।

### शादियों की हो रही खरीदारी

सराफा कारोबारी हरख मालू का कहना है शादियों के लिए ग्राहक खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। अब तो सोने और चांदी के दाम भी पहले से कम हो गए हैं, इसके कारण भी खरीदारी हो रही है। चांदी के जेवरों के थोक कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक शादियों के सीजन से बाजार में उठाव आ गया है। कुछ समय पहले तो बाजार की स्थिति खराब हो गई थी। अभी जब तक शादियों का सीजन है, तब तक तो कम से कम बाजार में रौनक रहने की संभावना है।

# भाजपा के सभी मोर्चा की आज बड़ी बैठक

## कल प्रदेश संगठन की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- कार्यशाला में आएंगे गुजरात के क्षेत्रीय प्रशिक्षक केसी पटेल

भाजपा का प्रदेश संगठन अपने सभी मोर्चा के पदाधिकारियों को भाजपा की रीति-नीति बताने के लिए उनकी एक साथ बड़ी बैठक सोमवार को कर रहा है। इस बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा भी रहेंगे। इसी के साथ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और प्रदेश भाजपा के महामंत्री रहेंगे। मोर्चा के नए पदाधिकारियों को वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। सभी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति भी होगी। मंगलवार को प्रदेश भाजपा संगठन का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है। इसमें प्रशिक्षण देने क्षेत्रीय प्रशिक्षक गुजरात के केसी पटेल आएंगे। इस कार्यशाला में संभाग, जिलों के प्रभारियों के साथ जिलों की प्रशिक्षण टोली रहेगी।

प्रदेश भाजपा संगठन में सात मोर्चा हैं। इन सभी की कार्यकारिणी के साथ ही जिलों के अध्यक्ष भी घोषित हो गए हैं। ज्यादातर मोर्चा में प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ ही जिलाध्यक्ष भी नए हैं। ऐसे में इन सभी को भाजपा की रीति-नीति बताने के लिए सभी मोर्चा की संयुक्त बैठक की जा रही है। सोमवार को होने वाली बैठक में सभी मोर्चा के प्रदेश के सभी पदाधिकारी, स्थाई और आमंत्रित सदस्य और जिलाध्यक्षों को बुलाया गया है। बैठक का उद्घाटन सुबह को होगा। इसके बाद दूसरे सत्र में सभी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति होगी। इसके बाद अंत में समापन सत्र होगा। बैठक के उद्घाटन और समापन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा को आमंत्रित किया गया है। इनका भी सभी को मार्गदर्शन मिलेगा।

### कार्यशाला में देंगे प्रशिक्षण

मंगलवार को भाजपा के प्रदेश संगठन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में जिलों में जो प्रशिक्षण टोली बनाई गई है, उसके साथ ही संभाग और जिलों के प्रभारी, जिलाध्यक्षों को बुलाया गया है। इनको क्षेत्रीय टोली के केसी पटेल प्रशिक्षण देंगे। इसके बाद प्रशिक्षण लेने वाले आगे जिलों, मंडल और बूथ स्तर पर प्रशिक्षण देने का काम करेंगे।

# राजधानी को सफाई में नंबर वन बनाने क्लीन सिटी का टास्क

नगर निगम ने जोन स्तर पर तैयारी शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण-2025-26 में रायपुर शहर को देश का नंबर वन स्वच्छ शहर बनाने नगर निगम ने प्रशासनिक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर जोन-3 की कमिश्नर प्रीति सिंह ने इसी सिलसिले में शंकर नगर स्थित कार्यालय में स्वच्छता रैंकिंग की तैयारी को लेकर बैठक ली, जिसमें जोन-3 के सभी 7 वार्डों में साफ-सफाई की पुख्ता तैयारी करने अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश दिए। बैठक के दौरान जोन कमिश्नर ने निगम अमले को क्लीन सिटी का टास्क दिया। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा-निर्देश अनुसार कार्य करने कहा गया।



### सरदार पटेल वार्ड में स्वच्छता जागरूकता अभियान

मार्च माह में केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए केंद्रीय टीम रायपुर शहर का सर्वे करने के सिलसिले में शहर आ रही है। इससे पूर्व नगर निगम प्रशासन ने जोन-7 के सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में सघन स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग कर डस्टबिन में सफाई कर्मचारियों को देने का संकल्प दिलाया। शहर को राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग सुधार के लिए घरेलू स्तर पर गीला और सूखा कचरा अलग करना अनिवार्य है। इस अभियान में से न केवल शहर की स्वच्छता का स्तर सुधरेगा, बल्कि बीमारियों के फैलाव में कमी आएगी और कचरा प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा। नगर निगम जोन-7 की टीम ने गत दिनों वार्ड पार्षद दीप-मनीराम साहू और जोन अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा के नेतृत्व में घरों व दुकानों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग देने समझाइश दी। सफाई एजेंसी रामकी के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर टीम ने समझाया कि सेनेटरी कचरे और घरेलू खतरनाक कचरे को सामान्य कूड़े से अलग रखना क्यों जरूरी है। अभियान के दौरान वार्ड के नागरिकों को स्वच्छता जागरूकता के पर्चे बांटे गए। निगम के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहन समय पर नहीं आता तो नागरिक सीधे टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, ताकि व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जा सके। इस मौके पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की उपस्थिति में वार्डवासियों को सामूहिक रूप से रायपुर को स्वच्छ शहर बनाने का संकल्प दिलाया गया।

# 4 साल में भी नहीं मिलीं आम जनता को घर बैठे आपात सेवाएं

रायपुर। राजधानीवासियों को नगर निगम द्वारा घरों के बाहर लगाई गई डिजिटल नंबर प्लेट से तत्काल मदद, पुलिस, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड सेवाएं 4 साल बाद भी नहीं जुड़ पाई हैं। जबकि आपात स्थिति में नागरिक सेवाओं को 12 डिजिट के डोर नंबर से सीधे कनेक्ट करने की योजना थी। संकट के समय शहर का कोई भी नागरिक घर बैठे अपने घर के सामने लगी डिजिटल नंबर प्लेट को स्कैन कर तत्काल निशुल्क इन सेवाओं को लाभ ले सकता था। निगम के आईटी सेल का कहना है, हमने संबंधित विभाग को इन आपात सेवाओं को डिजिटल नंबर प्लेट के साथ जोड़ने 4 बार चिट्ठी लिखी। अधिकारियों से जाकर मुलाकात भी की, इसके बाद ये सेवाएं एकीकृत नहीं हो पाईं। दरअसल दिल्ली, हैदराबाद, तेलंगाना की तर्ज पर शहर के 3 लाख 15 हजार से अधिक घरों, दुकानों, खाली प्लाट सहित अन्य प्रॉपर्टी को अलग पहचान देने नगर निगम ने डिजिटल नंबर प्लेट लगवाई है, जिसमें स्ट्रीट नंबर भी दर्शाया गया है। यह सीधे मोबाइल एप्लीकेशन से जुड़ा हुआ है। इससे जहां घरों को ढूंढना और वहां तक सुविधाएं पहुंचाना आसान हुआ है, वहीं नागरिकों को कई सुविधाएं घर बैठे उपलब्ध कराने की योजना रही। इसमें आपात स्थिति आने पर पुलिस, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस समेत कई सेवाओं को जोड़ना था, पर 3 साल बीतने के बाद भी आम नागरिकों को घर बैठे आपात स्थिति के लिए पुलिस, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस की सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। इसका एक प्रमुख कारण नगर निगम का संबंधित विभाग के कंट्रोल रूम से एकीकृत नहीं हो पाना है। सूत्रों के मुताबिक, नगर निगम के आईटी सेल को पुलिस और स्वास्थ्य विभाग से एपीआई नहीं मिली है।

**निगम से जुड़ी नागरिक सेवाओं को जोड़ा**: नगर निगम से जुड़ी कई सेवाएं, जैसे संपत्ति कर का घर बैठे भुगतान डिजिटल नंबर को स्कैन कर किया जा सकता है। इसी नंबर प्लेट को स्कैन कर कोई भी व्यक्ति निदान 1100 में अपनी शिकायत घर बैठे ऑनलाइन दर्ज करा सकता है। नागरिक सेवाओं से जुड़े स्वास्थ्य और नगर निवेश की 16 अलग-अलग श्रेणियों में ई-चालान सिस्टम इसमें जोड़ दिया गया है।

# गर्मी में बढ़ेगी बिजली की खपत 7000 मेगावाट के पार जाएगी मांग

## बीते साल गर्मी में खपत सात हजार मेगावाट तक गई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रदेश में इस बार गर्मी में बिजली की खपत का पारा आसमान पर जाने के पूरे आसार हैं। बीते साल खपत के 67 सौ मेगावाट तक जाने की संभावना जताई गई थी, लेकिन खपत सात हजार मेगावाट तक गई थी। इस बार खपत के सात हजार मेगावाट के पार जाने की पूरी संभावना है।

इसको देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने जहां अपने संयंत्रों के लिए भरपूर कोयले की व्यवस्था कर रखी है, वहीं सेंट्रल सेक्टर से भी चार हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली लेने की व्यवस्था है। गर्मी में बिजली की कमी न होने का पॉवर कंपनी का दावा है। यह बात अलग है कि ऐन समय में अगर कंपनी के किसी संयंत्र में खराबी आ गई और वह बंद हो गया तो जरूर कुछ समय के लिए संकट आ सकता है। ऐसे में जरूर कटौती करनी पड़ सकती है। इस बार अभी गर्मी का आगाज नहीं हुआ है। संभावना है कि होली के बाद पारा जब और चढ़ेगा तो खपत भी बढ़ने लगेगी। बीते साल मार्च में ही पारा लगातार आसमान पर जाने के कारण पूरे देश में बिजली की खपत बढ़ी थी और अपने राज्य में पहली बार मार्च में ही रिकॉर्ड खपत 63 सौ मेगावाट के पार होकर 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई थी।इस बार फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट के करीब पहुंच गई है। अभी खपत 58 से 59 सौ मेगावाट हो रही है।

### खपत का बनेगा नया रिकॉर्ड

इस बार गर्मी में जरूर खपत का नया रिकॉर्ड बनेगा। हो सकता है कि मार्च में भी बीते साल का रिकॉर्ड टूट जाए। मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी ज्यादा नहीं होती है जितनी बीते साल हुई थी। पहले फरवरी में खपत छह हजार मेगावाट के पार गई। इसके बाद मार्च में यह खपत खपत 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई। 17 मार्च को पीक आवर में खपत 6376 मेगावाट तक गई थी। इस बार मार्च का आगाज होने पर मालूम होगा कि पारा कहां तक जाता है। उसके हिसाब से खपत भी होगी। लेकिन यह बात तय है कि इस बार मई-जून में जरूर खपत सात हजार मेगावाट के पार होगी।

**सेंट्रल सेक्टर का बड़ा सहारा** : पॉवर कंपनी के अधिकारियों का तो दावा है कि गर्मी को देखते हुए बिजली की भरपूर व्यवस्था की गई है। इसमें संदेह नहीं है कि अगर खपत सात हजार मेगावाट तक गई तो ज्यादा परेशानी नहीं होगी, क्योंकि अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट हो जाता है, लेकिन यह तब की स्थिति है जब पूरे संयंत्र चलते हैं।

//आम सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा हितग्राहियों को लीज में भवन आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, फ्री-होल्ड संपरिवर्तन निम्नानुसार किया जाना है :-

| क्र. | आबंटी का नाम | पिता / पति का नाम | कॉलोनी का नाम | भू-खण्ड/ भवन क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री ज्योतिष मिंज | स्व.श्री अघनू मिंज | गातापार, अभनपुर | LIG-330 |
| 2 | श्रीमती मंजू लिलि पुष्पा मिंज | श्री ज्योतिष मिंज | - तदैव- | LIG-331 |
| 3 | श्री मुकेश कुमार देवांगन | श्री हीरालाल देवांगन | - तदैव- | LIG-142 |

अतः इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर किसी भी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

//आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने महावीर जैन पिता श्री मिश्री लाल जैन निवासी चावेला मार्ग चांदनी चौक संबलपुर कांकेर (छ.ग.) उसके/उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम खोरपा प.ह.नं. 00009 रा.नि.मं. खोरपा तहसील अभनपुर जिला- रायपुर (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 1616/2, 1616/8, 1616/9, रकबा क्रमशः 0.0450, 0.0930, 0.0550 हे. को क्रय करने का सौदा किया है।

उपरोक्त वर्णित भूमि या उसके किसी भाग के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में या उक्त सव्यवहार, अंतरण के संबंध में किसी व्यक्ति, बैंक, ग्राम पंचायत, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, साहूकार आदि को कोई दावा-आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज के साथ मेरे नीचे दिये पते पर मेरे समक्ष लिखित में प्रस्तुत करें। उक्त आम सूचना का खण्डन समाचार पत्र के माध्यम से अस्वीकार होगा। म्याद बाद उक्त वर्णित भूमि का मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन करवा लिया जावेगा, तदोपरांत की गई कोई भी दावा-आपत्ति अवैध व शून्य माना जावेगा जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 14/02/2026

तापस कांति घोष
अधिवक्ता
छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)

बिजनेस साइट

# कैलाश मानसरोवर यात्रा-2026 की बुकिंग प्रारम्भ

*रायपुर। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर नमन हॉलिडेज का एक विशेष उपक्रम मानसरोवरवाले के द्वारा वर्ष 2026 की कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए आधिकारिक पोस्टर (ब्रोशर) एवं विस्तृत यात्रा कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उन्हें तिलक लगाकर, 109 रुद्राक्ष की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। संस्थापक सरनजीत सिंह ने बताया कि वर्ष 2026 तिब्बती परंपरा के अनुसार "तिब्बती हॉर्स ईयर (महाकुंभ वर्ष)" है, जो अत्यंत शुभ और दुर्लभ माना जाता है। विशेष रूप से 21 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पवित्र मानसरोवर झील के तट पर योग साधना का आयोजन किया जाएगा। संस्था ने अनुभवी टीम के साथ सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यात्रा संचालन का आश्वासन देते हुए श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण प्रारंभ कर दिया है।*



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# अब स्लीपर-एसी कोच ही नहीं, जनरल डिब्बे भी होंगे चकाचक, जोन से पांच ट्रेनों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

एसी और स्लीपर की तरह अब जनरल कोच में भी अच्छी तरह सफाई की जाएगी। शौचालय से लेकर सीटों तक अब साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा। रेलवे बोर्ड ने 52 सप्ताह में 52 सुधार" के भारतीय रेल के संकल्प के अनुरूप, भारतीय रेल द्वारा दो नए सुधारों को स्वीकृति दी है और उनका क्रियान्वयन तत्काल प्रारंभ किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2026 से भारतीय रेल, विशेषकर लंबी दूरी की ट्रेनों की समुचित एंड-टू-एंड सफाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के अंतर्गत सफाई मुख्यतः आरक्षित कोच तक सीमित थी और रेलवे के इतिहास में पहली बार सामान्य कोच की सफाई को पूर्ण रूप से प्रणाली में एकीकृत किया गया है। रेलवे की जो ट्रेनें चलती हैं, विशेष रूप से लंबी दूरी की यात्री ट्रेनों में उनकी प्रॉपर एंड-टू-एंड क्लीनिंग सुनिश्चित की जाएगी। इस रिफॉर्म के तहत जनरल कोच की सफाई की जाएगी और ट्रेन के ओरिजिन से लेकर डेस्टिनेशन तक कंटीन्यूअस सफाई सुनिश्चित की जाएगी।

- रेल मंत्रालय ने ट्रेनों की निरंतर सफाई सुनिश्चित करने बनाया लक्ष्य, सामान्य कोच पर विशेष ध्यान
- आरक्षित कोच में तैनात कर्मचारी सामान्य कोचों में भी जाकर करेंगे सफाई

### प्रत्येक जोन से पांच ट्रेनें चिन्हित

रेलवे मंत्री ने बताया कि जोनल रेलवे के परामर्श के अनुसार, प्रत्येक जोन से लगभग चार से पांच ट्रेनें, जो मुख्यतः लंबी दूरी और अधिक यात्री आवागमन वाली हैं। अगले छह महीनों में क्रियान्वयन के लिए चिन्हित किया गया है। प्रथम चरण में विभिन्न जोन में कुल 80 ट्रेनों की पहचान की जा चुकी है और तीन वर्षों की अवधि में यह सुधार भारतीय रेल की सभी ट्रेनों में लागू किया जाएगा। ट्रेनों का चयन प्रबंधकीय स्तर पर क्षेत्रीय इनपुट और परिचालन मानकों के आधार पर किया गया है। अत्यधिक भीड़भाड़ के समय अधिक बार तथा कम भीड़भाड़ के समय में तुलनात्मक रूप से कम आवृत्ति से सफाई की व्यवस्था होगी। शौचालयों की निरंतर सफाई, कचरा निष्पादन, केबिनेट की सफाई, चादर-कंबल इत्यादि प्रबंधन तथा संबंधित सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी।





### यात्रियों की छोटी से बड़ी समस्या का होगा समाधान

पूर्व की क्लीन ट्रेन स्टेशन अवधारणा, जिसके अंतर्गत सीमित स्टेशनों पर गहन सफाई की जाती थी, को अब ट्रेन के प्रस्थान स्थल से लेकर गंतव्य स्थल तक निरन्तर सफाई मॉडल से प्रतिस्थापित किया जा रहा है। शौचालय, कूड़ेदान, केबिन के आंतरिक भाग, जल उपलब्धता तथा यात्रा के दौरान उत्पन्न लाइट बंद होने जैसी छोटी विद्युत या यांत्रिक त्रुटियों का निरंतर समाधान किया जाएगा, जिससे यात्रियों को उल्लेखनीय रूप से बेहतर यात्रा वातावरण प्राप्त हो।

### एक ही एजेंसी को मिलेगा काम

चादर-कंबल इत्यादि वितरण, इनका संग्रहण और सफाई से संबंधित कार्य, जो पहले अलग-अलग एजेंसियों के बीच विभाजित था, अब एकीकृत कर एक ही एजेंसी को सौंपा जाएगा। निर्धारित स्टेशनों पर आरक्षित कोच में तैनात कर्मचारी सामान्य डिब्बे में भी जाकर आरक्षित कोच के समान सफाई मानक सुनिश्चित करेंगे। इस सुधार के अंतर्गत वॉर रूम नियंत्रण केंद्रों की स्थापना भी शामिल है, जहां सफाई गतिविधियों की एआई द्वारा उत्पन्न तस्वीरों की निगरानी और विश्लेषण किया जाएगा। एआई-आधारित मूल्यांकन के माध्यम से यह सत्यापित किया जाएगा कि सफाई उचित रूप से की गई है या नहीं, और यदि नहीं तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। रेलवे बोर्ड के अधिकारियों द्वारा दीर्घ परिचालन अनुभव के आधार पर विस्तृत अध्ययन के पश्चात मार्ग-विशिष्ट टीमों का गठन किया जाएगा। इन टीमों में बहु-कौशल कर्मी शामिल होंगे, जो सफाई के अतिरिक्त छोटे-मोटे यांत्रिक एवं विद्युत मरम्मत कार्यों का निपटान करने में भी सक्षम होंगे, जिससे एकीकृत ऑन-बोर्ड सेवा प्रदान की जा सके।

## निधन

### मुरलीधर रोहरा

**रायपुर।** कपिश विहार बाबा गरीबदास आटा चक्की के पास



अमलीडीह निवासी मुरलीधर रोहरा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे कमल, सुशील रोहरा के पिता थे।

### अमृत बजाज

**रायपुर।** ईदगाहभाठा निवासी अमृत बजाज (57) का निधन हो



गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे सतरामदास, पवन कुमार, पूरन कुमार, अनिल कुमार, भरत बजाज के भाई तथा आकाश बजाज के पिता थे।

### विजय वर्ल्यानी

**रायपुर।** देवेंद्र नगर निवासी विजय वर्ल्यानी का निधन हो गया। उनकी



अंतिम यात्रा 16 फरवरी को सुबह 10 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुरेश वर्ल्यानी के पुत्र तथा विकास, पंकज, विशाल, पवन, मनोज, मोहन, नवीन वर्ल्यानी के भाई थे।

### वासुदेव वाधवानी

**रायपुर।** ढेबर स्टील सिटी अवंति विहार निवासी वासुदेव वाधवानी का



निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 फरवरी को शाम 4 बजे निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे शंकरलाल, लालचंद वाधवानी के भाई एवं सौरभ व मोनिश के पिता थे।

### बलविंदर सिंह ग्रेवाल

**रायपुर।** कल्पतरू अमलीडीह



निवासी बलविंदर सिंह ग्रेवाल (74) का 15 फरवरी को निधन हो गया। वे तनवीर सिंह ग्रेवाल के पिता, राजवंत सिंह ग्रेवाल के छोटे भाई थे।

## लीकेज का खतरा, राजधानीवासियों की सेहत दांव पर

# महीनेभर बाद भी नाली के ऊपर गई पाइपलाइन की शिफ्टिंग शुरू नहीं, मेयर ने कहा- नहीं मिली रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

इंदौर कांड के बाद शहर की नालियों से होकर गुजरी पाइपलाइन का सर्वे कर जल विभाग के आला अफसरों ने सभी जोन से जोनवार इसकी रिपोर्ट मुख्यालय मंगाई, पर महीना भर बीतने के बाद भी न तो पुरानी व जर्जर पाइपलाइन शिफ्टिंग का प्रस्ताव बन पाया है, न ही इसे बदलने का काम शुरू हो पाया है। जबकि गर्मी का सीजन आ गया है, ऐसे में पाइपलाइन लीकेज और नलों में लो प्रेशर की समस्या से लोग परेशान हैं। जनता की सेहत दांव पर लगी हुई है। इधर निगम के जल विभाग ने अपना सारा ठीकरा नवगठित जल बोर्ड पर डाल दिया है। महापौर मीनल चौबे ने शहर में पेयजल आपूर्ति, वितरण और प्रबंधन की व्यवस्था मजबूत करने 8 सदस्यीय जल बोर्ड का गठन किया है, पर जल बोर्ड के सदस्य अब तक इसकी ठोस प्लानिंग नहीं कर पाए। यही हाल रहा तो इसका खामियाजा आने वाले दिनों में शहरवासियों को भुगतना पड़ेगा।

### नाली क्रॉस कर पीने के पानी की पाइपलाइन

नगर निगम जोन-9 क्षेत्र स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड के कापा, मोवा सहित अन्य रहवासी इलाकों में पीने के पानी की अधिकतर पाइपलाइन नाली से होकर गुजरी हैं, पर इसकी शिफ्टिंग के लिए जोन स्तर पर प्रस्ताव नहीं बनाया गया है। पाइपलाइन लीकेज पर काम किया गया है, पर पाइपलाइन को सुरक्षित जगह शिफ्ट नहीं कराया गया। कापा स्थित दुबे कॉलोनी में पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी नहीं पहुंच रहा है। वार्ड पार्षद मोहन कुमार साहू का कहना है, कापा क्षेत्र में गर्मी के मौसम में पानी की दिक्कत और बढ़ सकती है। इसे देखते हुए मोवा में नई पानी टंकी बनाने का प्रस्ताव भेजा है।

**निगम प्रशासन बेखबर, जोनवार सर्वे कर मंगाए थे प्रस्ताव**



इंदौर कांड के बाद रायपुर में अलर्ट, दस जोन से रिपोर्ट मांगी गई, नाली के भीतर पाइपलाइन बदलेगी

### मौदहापारा के सुभाषनगर नाले में पाइपलाइन

*अब्दुल हमीद वार्ड के मौदहापारा इलाके के सुभाषनगर नाले से पानी की पाइपलाइन लोगों के घरों में पेयजल आपूर्ति के लिए गई है।पाइपलाइन की सुरक्षित जगह शिफ्टिंग अब तक नहीं हो पाई है। जबकि नाले से होकर गुजरी पाइपलाइन से दूषित जल पहुंचने का अंदेशा बना हुआ है। लोगों ने इसकी तत्काल सुरक्षित जगह पर शिफ्टिंग की मांग की है। नगर निगम जोन-2 क्षेत्र का यह इलाका है।*

### रिपोर्ट नहीं मिली



इंदौर के भागीरथीपुरा में गंदे नाले और नालियों के बीच होकर निकली पाइपलाइन से पानी दूषित होने और उसके सेवन से मासूमों सहित कई लोगों की जान वाली घटना के बाद हमने शहर के दस जोन से नालियों से होकर गुजरी पाइपलाइन का सर्वे कर इसकी रिपोर्ट अपर आयुक्त जल विभाग के माध्यम से मंगाई थी, पर यह रिपोर्ट मुझे अभी नहीं मिली है। इसे दिखवाती हूं, पुरानी जर्जर पाइपलाइन बदलने और नाली से गई पाइपलाइन सुरक्षित जगह शिफ्ट कराना हमारी पहली प्राथमिकता है।

- **मीनल चौबे**, महापौर, ननि रायपुर।

### सोनडोंगरी में पुरानी पाइपलाइन बदलने की जरूरत

*संत कबीरदास वार्ड स्थित शिवशक्ति कॉलोनी सोनडोंगरी और जय भीम कॉलोनी में जिस पाइपलाइन से लोगों के घरों में पेयजल की आपूर्ति हो रही है। वह काफी पुरानी है। इसे बदलने की जरूरत है। नई पाइपलाइन की मांग एक अरसे से की जा रही है, पर नगर निगम ध्यान नहीं दे रहा है। इसी तरह 36 महतारी चौक से एकता कॉलोनी दोबारा पाइपलाइन बिछाई गई, इसके बाद भी पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी नहीं पहुंच रहा। वार्ड पार्षद डॉ. मनमोहन मनहरे ने बताया कि कबीर नगर, कंचनजंगा, दीनदयाल कॉलोनी फेज-4 में जर्जर पाइपलाइन को बदलकर नई पाइपलाइन डाली गई है। इसी तरह कबीर नगर में तालाब के पास नई पाइपलाइन की जरूरत है। मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण की मांग एक अरसे रहवासी कर रहे हैं।*

### लो प्रेशर से रहवासी त्रस्त, ध्यान नहीं दे रहे अधिकारी

नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड के गायत्री नगर, वृंदावन कॉलोनी, नीलांचल विहार, सेलटैक्स कॉलोनी में पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। इन क्षेत्रों में लो प्रेशर के चलते रहवासी बेहद परेशान हैं। इसी तरह संस्कार सिटी में पिछले दस दिनों से पानी का संकट बना हुआ है। जोन-9 की पानी टंकी से इस वार्ड को जल आपूर्ति की जाती है। लो प्रेशर की समस्या से वार्ड के रहवासियों ने पार्षद पुष्पा-रोहित साहू के साथ जोन-9 के अधिकारियों को समय-समय पर अवगत भी कराया, पर जोन के अधिकारी उन्हें जोन-3 में शिकायत की नसीहत दे रहे हैं। जबकि इस वार्ड के लो प्रेशर वाले इलाके में मोवा के जोन-9 पानी टंकी से जल आपूर्ति का सिस्टम बना है। भुक्तभोगियों के साथ वार्ड पार्षद ने चेतावनी दी है यदि उनके वार्ड में लो प्रेशर की समस्या जल्द दूर नहीं की गई तो वे निगम दफ्तर का घेराव करेंगे।

# मॉपअप राउंड में माइनस मार्किंग वाले को नहीं मिली सीट, एडमिशन 19 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



शासकीय और निजी मेडिकल कालेजों की एमडी-एमएस की खाली सीटों में आवंटन के दौरान माइनस मार्किंग वाले विद्यार्थी को जगह नहीं मिल पाई है। 337 लोगों की आवंटन सूची के आधार पर 19 फरवरी तक एडमिशन दिया जाएगा।

इस सूची में 2 राउंड की काउंसिलिंग में शामिल 20 लोगों को पसंदीदा सीट मिली, वहीं 35 लोगों को पुराने आवंटन के आधार एडमिशन लेकर संतुष्ट होना पड़ा है।

- 337 की आवंटन सूची में 20 की सीटें अपग्रेड, 35 पुराने आवंटन से संतुष्ट

चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने खाली 245 सीटों पर एडमिशन के लिए 337 लोगों की आवंटन सूची जारी की है। उन्हें दस्तावेजों की जांच के साथ प्रवेश की प्रक्रिया 19 फरवरी तक पूर्ण करने का वक्त दिया गया है। जारी की गई आवंटन सूची मेरिट के आधार पर तैयार की गई है, इसकी वजह से माइनस मार्किंग के बाद भी पात्र हुए छात्र को सीट का आवंटन नहीं हुआ है। कट ऑफ में कटौती के बाद मॉपअप राउंड के दौरान नई आवेदन प्रक्रिया में एकमात्र माइनस 2 वाले अभ्यर्थी ने पंजीयन कराया था।

### अभ्यर्थी को सीट मिलने की संभावना काफी कम

जानकारों का कहना है कि सीट बचने पर अगर स्ट्रे राउंड पूरा किया जाता है, तब भी इस अभ्यर्थी को सीट मिलने की संभावना काफी कम है। मॉपअप राउंड में बड़ी संख्या में शासकीय मेडिकल कालेज की सीट शामिल है। वहीं निजी कालेज में एनआरआई कोटे की जनरल सर्जरी की सीट 638 स्कोर वाले को, आर्थोपेडिक सीट 632, जनरल मेडिसिन की सीट 627, डर्मेटोलॉजी की 616, रेडियोडायग्नोसिस की सीट 610 नीट स्कोर वाले को आवंटित की गई है। निजी मेडिकल कालेज बालाजी और रिम्स की स्क्रूटनी और प्रवेश शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर और शंकराचार्य कालेज की प्रवेश प्रक्रिया शासकीय कालेज दुर्ग में पूरी की जाएगी।

## इंदरजीत अध्यक्ष, कुलदीप बने कार्यकारी अध्यक्ष



**रायपुर।** स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की रविवार को बैठक हुई। बैठक में उपस्थित कमेटी के सदस्यों ने सर्वसम्मत से निर्णय लिया कि इंदरजीत सिंह छाबडा को अध्यक्ष और कुलदीप सिंह चावला को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। इस निर्णय में सभी ने अपने सहमति प्रदान की है। कमेटी के सचिव तेजिन्दर सिंह होरा ने बताया कि गुरुद्वारा स्टेशन रोड में अध्यक्ष पद के दो दावेदार होने के कारण 13 फरवरी को गुरुद्वारा में एक मीटिंग रखी गई थी, सभी साध-संगत ने पूर्व विधायक कुलदीप सिंग जुनेजा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंग छाबड़ा, गुरबख्श सिंग छाबड़ा, सुरेन्द्र सिंग छाबडा, महेंद्र सिंह छाबड़ा सहित कई वरिष्ठ जनों के सामूहिक प्रयास से आम सहमति बनाकर दोनों अध्यक्ष के दावेदारों को संतुष्ट किया गया। इसके बाद इंदरजीत सिंह छाबड़ा को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का अध्यक्ष व कुलदीप सिंह चावला को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। इनका कार्यकाल 2 वर्ष होगा।

# असामाजिक तत्वों से परेशान मरीन ड्राइव बीएसयूपी कॉलोनी के रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलीबांधा तालाबा मरीन ड्राइव स्थित बीएसयूपी कॉलोनी में रविवार तड़के 4 बजे सेंट्रल जोन की पुलिस सरप्राइज चेकिंग करने पहुंची। इस दौरान पुलिस ने बीएसयूपी कॉलोनी के 40 ब्लॉक के सभी 640 क्वार्टर्स की जांच की। स्थानीय रहवासियों से पुलिस ने उनकी परेशानी पूछी।

स्थानीय रहवासियों ने तीन समस्याएं सामने रखीं, जिनमें से दो समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करते हुए पुलिस की हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी। कॉलोनी की जांच करने 36 पुलिस अधिकारी-जवान पहुंचे थे। जांच करने पहुंची पुलिस ने कॉलोनी में निवासरत लोगों का वेरिफिकेशन किया। साथ ही वहां निवासरत परिवारों के सदस्यों के बारे में जानकारी ली कि वे कहां से आए हैं, क्या काम करते हैं। इसके अलावा निवासरत लोगों की गाड़ियों के नंबर नोट कर गाड़ियों के कागजात थाने लाकर दिखाने उन्हें नोटिस दिया।





*कॉलोनी में लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे : स्थानीय रहवासियों ने पुलिस को बताया कि उनकी कॉलोनी में पूर्व में जो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। उन कैमरों को असामाजिक तत्वों ने तोड़-फोड़ दिया है। इस पर पुलिस ने कॉलोनी में जल्द नए सीसीटीवी कैमरे लगवाने का आश्वासन दिया है। कॉलोनी के अंदर बलात प्रवेश करने वाले आसामाजिक तत्व अपने नाखून तथा उंगली में ब्लेड लगाकर पहुंचते हैं। गार्ड उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं, ऐसे में बदमाश ब्लेड से गार्ड पर हमला करने की कोशिश करते हैं। इसके चलते कॉलोनी की सुरक्षा में तैनात गार्ड हर 15 दिन में बदलते रहते हैं। कॉलोनी में कोई गार्ड सुरक्षा ड्यूटी करना ही नहीं चाहता।*

### तीन में से दो समस्याओं का मौके पर निराकरण

बीएसयूपी कॉलोनी के रहवासियों ने पुलिस को बताया कि कॉलोनी की देवारपारा साइड की दीवार को शरारती तत्वों ने तोड़ दिया है। इसके चलते कॉलोनी में दिन-रात किसी भी समय असामाजिक तत्व पहुंच जाते हैं। पुलिस ने मौके पर ही नगर निगम के अफसरों से संपर्क कर टूटी दीवार की मरम्मत कराई। कॉलोनी के रहवासियों ने अपने पास पुलिस के संपर्क नहीं होने की शिकायत की। इस पर मौके पर उपस्थित पुलिस अफसरों ने कॉलोनी के लोगों को पुलिस का संपर्क नंबर देने के साथ हेल्पलाइन नंबर भी दिया।

## दुर्गा नगर समेत कई बस्तियों में पहुंचा महिला शक्ति अभियान



**रायपुर।** "महिलाएं शिक्षित होंगी तो समाज शिक्षित होगा" इसी संकल्प के साथ मिशन महिला शक्ति द्वारा राजधानी रायपुर में व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। आगामी 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व, विगत 8 फरवरी से उत्कल महिला महामंच की अध्यक्ष एवं मिशन महिला शक्ति की अध्यक्ष सावित्री जगत के नेतृत्व में महिलाओं की टीम राजधानी की विभिन्न झुग्गी-बस्तियों में पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान स्वास्थ्य, संगठन के महत्व के प्रति जागरूक कर रही है।

## अभिषेक को पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ ने डॉ. अभिषेक कुमार



साहू को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध का विषय "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड स्मार्ट मैक्सिमम पॉवर पॉइंट ट्रैकिंग विद इंटेलिजेंट हार्मोनिक मिटिगेशन सिस्टम इन सोलर पावर प्लांट" रहा है, जो सौर ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के डॉ. दुर्गा शर्मा और डॉ. अनूप मिश्रा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

## स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए शहरी इलाकों में 14 सेंटर खोलने की बनाई थी योजना

# ठंडे बस्ते में रियायती शुल्क पर जांच के सेंटर खोलने की योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं सीमित होने की वजह से पैथोलॉजी और रेडियोडायग्नोसिस जांच के लिए आम लोगों को अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है। स्वास्थ्य सेवा के विस्तार के लिए राजधानी में रियायती दर पर जांच सुविधा के लिए सेंटर खोलने बनाई गई योजना पूरी ही नहीं हो पाई। इन केंद्रों में सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्स-रे, सोनोग्रॉफी जैसी जांच भी कम शुल्क पर उपलब्ध कराई जानी थी।

शासकीय अस्पतालों में तमाम तरह की जांच सुविधाएं नहीं होने के कारण आम लोगों को निजी सेंटरों में जाकर जांच के लिए दुगुने-तिगुने पैसे खर्च करने पड़ते हैं। कई जांचें तो ऐसी होती हैं, जिसे वहन कर पाना मध्यम और निम्न वर्ग के लिए मुश्किल होता है। ऐसे लोगों को कम शुल्क पर जांच की सुविधा मुहैया कराने करीब चार साल पहले शहर के 14 स्थानों पर पीपीपी मोड पर रेडियोडायग्नोसिस सेंटर खोले जाने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए शहर के विभिन्न स्थानों का चिन्हांकन किया गया, जिसमें खाली पड़े शासकीय भवन भी शामिल थे। माना जा रहा था कि तमाम तरह की जांचें यहां एक तिहाई दर पर आम लोगों को उपलब्ध होंगी। इसके लिए नगर निगम द्वारा टेंडर जारी किया गया, मगर जमीन के बदले तय होने वाली एजेंसी से वसूली जाने वाली राशि इतनी ज्यादा थी कि कंपनियों ने इससे हाथ खींच लिया। नगर निगम के माध्यम से तीन-चार बार टेंडर जारी किया गया, मगर हर बार ज्यादा शुल्क वाले नियम ने इच्छुक एजेंसी को सामने आने से रोक दिया था। वर्तमान में प्रायवेट लैब में सीटी स्कैन और एमआरआई की अलग-अलग तरह की जांच के लिए दो से लेकर सात हजार रुपए तक लगते हैं।

### रक्त संबंधी जांच के लिए रीएजेंट का रोना

सरकारी अस्पतालों के जांच लैब में हर तरह की जांच सुविधाएं अब तक आम लोगों को नहीं मिल पाई हैं। इन जांच सेंटरों में रीएजेंट का टोटा अब तक दूर नहीं हो पाया है। कई मशीनें बिगड़ी पड़ी हैं तो कहीं-कहीं जांच के लिए योग्य तकनीशियनों की कमी है। रीएजेंट की पिछले तीन साल इसकी खरीदी के नाम पर हुई गड़बड़ी के बाद से ज्यादा असर दिख रहा है। काफी कोशिशों के बाद भी इसकी सप्लाई सामान्य नहीं हो पाई है।

- सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्स-रे, सोनोग्राफी जैसी जांच सुविधाएं भी कम शुल्क पर मिलनी थीं



### संस्थाओं ने ही दिलचस्पी नहीं दिखाई

डायग्नोस्टिक और पैथालॉजी सेंटर खोलने से आम लोगों को कम खर्च में जांच की सुविधाएं मिलतीं। इसके लिए प्रारंभिक चरण में दो स्थानों के लिए टेंडर किया गया था। तकनीकी कारणों से संस्थाएं सामने नहीं आईं, जिसके बाद योजना पर बात आगे नहीं बढ़ पाई थी।

- **राजेश शर्मा**, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता, नगर निगम

### दो केंद्रों पर अटका रहा मामला

रियायती दर वाले जांच केंद्र खोलने के लिए प्रथम चरण में गांधी मैदान के कांजी हाउस और अग्रसेन चौक के जोन सात के भवन को चिन्हित किया गया। एजेंसी तय करने के लिए टेंडर जारी किया गया था। इस दौरान भवन का शुल्क और जांच सेंटर विकसित करने किए जाने वाले अधिक खर्च के कारण ज्यादा एजेंसियों ने इसमें दिलचस्पी ही नहीं दिखाई। कुछ एक प्रयास के बाद इस योजना को सफल करने के बजाय ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

## पेज 11 के शेष ...

### कारों के ज्यादातर मॉडल...

यह स्थिति बदल गई है। दरअसल सेमीकंडक्टर की कमी के कारण कारों की सप्लाई प्रभावित हो रही थी, लेकिन अब तो अपने ही देश में सेमीकंडक्टर बनने के कारण कारों का बहुत ज्यादा उत्पादन होने से कारों की कमी नहीं रह गई है। पहले डीलरों के पास 15 दिनों का भी स्टॉक नहीं होता था, अब तो दो माह से ज्यादा का स्टॉक रहता है।

### 12 की जगह 9 दिनों में मूल्यांकन...

दी गई। इस दौरान खास तौर पर कक्षा 12 के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम और परीक्षा से जुड़ी एडवाइजरी पर चर्चा की गई। सीबीएसई के अनुसार हर साल करीब 18 लाख से ज्यादा छात्र 120 विषयों में कक्षा 12 की परीक्षा देते हैं और 1 करोड़ से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं की जांच होती है। इस बार डिजिटल ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम लागू होने से कॉपियों के ट्रांसपोर्ट और जांच में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा।

### गणना में त्रुटि...

डिजिटल ऑन-स्क्रीन मार्किंग अपनाने के कारण लिया गया है, जिससे टोटलिंग या अंकों की गणना में त्रुटि की गुंजाइश खत्म हो जाएगी। यह नियम सिर्फ कक्षा 12 के लिए लागू होगा, कक्षा 10 के लिए नहीं।

### लंबी दूरी की ट्रेन में स्टाफ की...

ऑन-बोर्ड स्टाफ के नाम पर एक भी सीट ब्लॉक नहीं रहेगी। अभी तक इन कोचों की कीमती सीटें मेंटेनेंस स्टाफ के पास रहती थीं, जिससे रेलवे को किराए का नुकसान होता था। अब ये सीटें यात्रियों के लिए उपलब्ध होंगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को भी इसका फायदा होगा।

**खाली बर्थ पर वेटिंग वालों को करेंगे अलॉट :** रेलवे ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि सफाई स्टाफ या अन्य कर्मचारी ट्रेन में नहीं चढ़ता है तो इसकी सूचना वाणिज्य कंट्रोल को दी जाएगी। वह खाली बर्थ अगले स्टेशन पर किसी वेटिंग लिस्ट वाले यात्री को अलॉट कर दिया जाएगा। रेलवे बोर्ड के निदेशक (पैसेंजर मार्केटिंग) संजय मनोचा ने इसके लिए सभी जोन के महाप्रबंधक को निर्देश जारी कर दिए हैं। अक्सर देखा जाता था कि स्टाफ के नाम पर आरक्षित सीटों का दुरुपयोग होता था, जिससे रेलवे को वित्तीय चपत लगती थी। अब इन सीटों के सिस्टम में आने से वेटिंग लिस्ट कम होगी और यात्रियों द्वारा चुकाए गए किराए से सीधे रेलवे का मुनाफा बढ़ेगा।

अनन्त श्री विभूषित श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य
निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामण्डलेश्वर पूज्य



परम पूजनीय
डॉ. स्वामी
कैलाशानंद गिरि जी
महाराज जी

का प्रभु श्री राम जी के ननिहाल, माता कौशल्या की पावन भूमि
छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सादर स्वागत, वंदन, अभिनंदन

गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शासन
नितिन अग्रवाल, छ.ग. प्रदेश सहसंयोजक व्यापार प्रकोष्ठ, भाजपा

एवं समस्त मित्तल परिवार

हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 16 फरवरी 2026

# लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02




शिव की शादी में दैत्य और देवता बने....

## एजुकेशन अलर्ट

### कोहोर्ट 8.0 एग्रीबिजनेस इनक्यूबेशन के लिए आवेदन 24 तक

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय स्थित आरकेवीवाई-रफ्तार एग्रीविजनेस इनक्यूबेटर द्वारा कोहोर्ट 8.0 के अंतर्गत एग्रीबिजनेस इनक्यूबेशन, एग्रीप्रेन्योरशिप ओरिएंटेशन एवं 1 माह के स्टूडेंट एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं नवाचारी कृषि आधारित स्टार्टअप्स एवं उद्यमी 24 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित एग्री स्टार्टअप्स को तकनीकी एवं व्यावसायिक मेटरिंग, उत्पाद विकास, बाजार से जुड़ाव, बिजनेस मॉडल परामर्श तथा निवेश तैयारी से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर चयनित स्टार्टअप्स को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के समक्ष 4 लाख से 25 लाख रुपए तक की ग्रांट-इन-एड सहायता के लिए पिच करने का अवसर भी प्राप्त होगा। आईजीकेवी आर-एबीआई, रायपुर अब तक अपने सात सफल कोहोर्ट्स के माध्यम से 352 नवाचारी एग्री-स्टार्टअप्स को समर्थन प्रदान कर चुका है, जिनमें से 129 स्टार्टअप्स को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा ग्रांट-इन-एड सहायता के लिए सकारात्मक अनुशंसा प्राप्त हुई है। कृषि नवाचार को बढ़ावा देने के अपने सतत प्रयासों के लिए आईजीकेवी आर-एबी आई को वर्ष 2022 में बेस्ट इनक्यूबेशन लैब, वर्ष 2024 में एक्सेलेरेटर ऑफ द ईयर अवार्डऑल इंडिया काउंसिल ऑफ रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन द्वारा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से एवं वर्ष 2024 में भारत इनक्यूबेटर अवार्ड एंटरप्रेन्योरशिप एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा से सम्मानित किया गया है।




#### स्टार्टअप्स की टर्नओवर सीमा 100 करोड़ से बढ़ाकर 200 करोड़ रुपए हुई

इस अवसर पर प्रो. हुलास पाठक, प्रमुख एवं सीईओ, आईजीकेवी आर-एबीआई ने बताया कि हाल ही में जारी डीपीआईआईटी की अधिसूचना से स्टार्टअप्स को अतिरिक्त राहत प्रदान की गई है। अब सहकारी समितियां भी यदि उनके पास नवाचारी विचार उत्पाद हैं तो वे स्टार्टअप के रूप में आवेदन कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त स्टार्टअप्स की टर्नओवर सीमा 100 करोड़ से बढ़ाकर 200 करोड़ रुपए कर दी गई है, जबकि डीप-टेक स्टार्टअप्स के लिए स्टार्टअप की आयु सीमा 20 वर्ष एवं टर्नओवर सीमा 300 करोड़ रुपए तक बढ़ाई गई है। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी स्टार्टअप छत्तीसगढ़ नीति राज्य में स्टार्टअप इकोसिस्टम को और अधिक सशक्त एवं अनुकूल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# भारत की जीत पर फैंस ने जयस्तंभ चौक पर लहराया तिरंगा, जमकर आतिशबाजी





रविवार को खेले गए टी-20 वर्ल्डकप के सुपर-8 क्वालीफायर मैच में भारत ने जीत दर्ज की है। टी-20 वर्ल्डकप के अपने मैच में भारत ने जीत का सिलसिला बरकरार रखते हुए चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को 61 रनों से शिकसत दी। भारतीय क्रिकेट टीम की इस ऐतिहासिक जीत पर जय स्तंभ चौक पर फैंस ने तिरंगा लहराकर और आतिशबाजी कर जश्न मनाया।

**रायपुर।** टी-20 वर्ल्डकप के सबसे बड़े मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। हार्दिक ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर उसमान तारीक को बोल्ड किया। पाकिस्तान की पारी 114 रन पर सिमट गई। भारत ने इस जीत के साथ ही टी-20 वर्ल्डकप के सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर ली है। इस जीत के बाद जहां देशभर में खुशी और जश्न का माहौल है, वहीं राजधानी के जयस्तंभ चौक पर भी देर रात फैंस हाथों में तिरंगा थामे पहुंचे और भारत माता के जयकारा लगा कर जीत का जश्न मनाया। इस जीत को लेकर फैंस की खुशी का ठिकना नहीं रहा। जयस्तंभ चौक में जश्न मनाने बड़ी संख्या में भीड़ जुटी और जमकर आतिशबाजी हुई।



#### फैमिली-फ्रेंड्स साथ सेलिब्रेशन

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान का मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला गया। इस हाईवोल्टेज मैच में भारतीय टीम ने जोरदार खेल दिखाया और पाकिस्तान को मुकाबले में एकतरफा हरा दिया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया था। टॉस के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों ने आपस में हाथ नहीं मिलाया। भारतीय खिलाड़ियों ने पिछले साल एशिया कप के दौरान पाकिस्तान के प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाया था। हालांकि, ओपनर अभिषेक शर्मा जीरो पर आउट हो गए। लेकिन, ईशान किशन ने दबाव नहीं लिया और तेजी से रन बनाना जारी रखा। इस मैच की जीत ने होली से पहले भारतीयों को सेलिब्रेशन का मौका दिया।



#### रिकार्ड जीत का जश्न

टूर्नामेंट में 10 मैच से नहीं हारा भारतः टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के नाम लगातार 10 मैच जीतने का रिकॉर्ड है। टीम ने 2024 में 8 मैच जीते थे, अब 2026 में 2 मैच जीतकर टीम नया रिकॉर्ड बना चुकी है। टी-20 वर्ल्ड कप में इंडिया-पाक में 8 मैच खेले गए, 7 में भारत और महज 1 में पाकिस्तान को जीत मिली।



## सिटी इवेंट

### स्टूडेंट्स ने प्रेजेंट किए जियोस्पेशियल डेटा ऑटोमेटेड अलर्ट सिस्टम पर नवाचार



**रायपुर।** मनी मैटर्स क्लब द्वारा ट्रिपल आईटी में एक्सीलिरेट सीएसआईडीसी हैकाथॉन का आयोजन किया गया। इसमें 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह ट्रिपल आईटी एनआर का परिसर हाल में नवाचार और औद्योगिक समाधान का जीवंत केंद्र बना। यह बहु-आयामी तकनीकी एवं वित्तीय संगोष्ठी देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों से आए विद्यार्थियों के उत्साह और प्रतिभा से गूंज उठी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सीएसआईडीसी द्वारा प्रायोजित हाई-स्टेक्स हैकाथॉन रहा। प्रतिभागियों को एक महत्वपूर्ण वास्तविक समस्या औद्योगिक अतिक्रमण निगरानी के लिए स्वचालित प्रणाली विकसित करने का समाधान प्रस्तुत करने की चुनौती दी गई। प्रतिभागी टीमों ने जियोस्पेशियल डेटा, ऑटोमेटेड अलर्ट सिस्टम और स्केलेबल डिजिटल फ्रेमवर्क का उपयोग करते हुए प्रभावशाली एवं बाजार-उन्मुख प्रोटोटाइप प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों की तकनीकी गहराई और नवाचार से प्रभावित होकर सीएसआईडीसी अधिकारियों ने मौके पर ही घोषित पुरस्कार राशि को तीन गुना कर दिया। इस अप्रत्याशित घोषणा ने पूरे सभागार को तालियों और उत्साह से भर दिया। यह निर्णय न केवल युवा इंजीनियरिंग प्रतिभा की सराहना था, बल्कि शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी संगठनों के बीच सशक्त सहयोग का भी प्रतीक बना।



#### देशभर की प्रतिभाओं का संगम

एनआईटी रायपुर, शंकरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, आईटीएम यूनिवर्सिटी, जीईसी रायपुर, एसएसटीसी, रुंगटा कॉलेज सहित कई प्रतिष्ठित तकनीकी और प्रबंधन संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर का स्वरूप प्रदान किया। मनी मैटर्स क्लब के एक प्रमुख आयोजक ने कहा, एक्सीलिरेट की सफलता पूरी तरह प्रतिभागियों की ऊर्जा, समर्पण और नवाचार का परिणाम है। हम सभी अतिथि संस्थानों के विद्यार्थियों के आभारी हैं, जिन्होंने इस आयोजन को एक पैन-इंडिया सफलता की कहानी बना दिया।

# रोटेरियन्स ने क्लब मेंबर्स के साथ मनाया गैलेंटाइन डे

**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस ने रविवार को गैलेंटाइन डे सेलिब्रेट करते हुए एक नई पहल की। रोटरियन्स ने दोस्तों और समाज के लोगों के संग इस अवसर को यादगार बनाने का प्रयास किया। हमेशा समाज और मेंबर्स के लिए कुछ न कुछ सकारात्मक और प्रेरणादायक करने की परंपरा को आगे बढ़ाया। फरवरी का महीना प्रेम और स्नेह का प्रतीक भी माना जाता है। इस भावना को आगे बढ़ाते हुए क्लब द्वारा एक विशेष आयोजन किया गया। इसमें क्लब के मेंबर्स ने उत्साह से भाग लिया और साथ मिलकर खुशनुमा समय बिताया। क्लब की प्रेसिडेंट नीरू अग्रवाल और सेक्रेटरी तनुश्री अग्रवाल की पहल पर क्लब द्वारा निरंतर एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत बनाने के उद्देश्य से नए-नए आयोजन किए जाते हैं। आयोजन के माध्यम से सदस्य एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानने और समझने का प्रयास करते हैं।



#### हम भी हैं कि भावना को सशक्त बनाने पहल

इसमें क्लब ने आपसी सामंजस्य और अपनापन और सुदृढ़ होता है। क्लब का उद्देश्य केवल आयोजन करना ही नहीं, बल्कि अपनी सभी महिला सदस्यों में आत्मविश्वास का संचार करना था। साथ ही विशेष होने का एहसास कराना है। 'हम भी हैं' की भावना को सशक्त बनाने में क्लब सदैव अग्रणी भूमिका निभाता है। इस प्रेममय माह में क्लब द्वारा गैलेंटाइन डे भी बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। जिस प्रकार प्रेम की कोई आयु सीमा नहीं होती, उसी प्रकार क्लब की प्रगति और विस्तार की भी कोई सीमा नहीं है। क्लब की निकेता अग्रवाल ने बताया कि आने वाले समय में भी क्लब सकारात्मक सोच और ऊर्जा के साथ प्रेरणादायक आयोजन करता रहेगा।

# रावांभाठा गुरुद्वारे का उद्घाटन कल एसजीपीसी के प्रधान होंगे शामिल

**रायपुर।** बिलासपुर रोड स्थित रांवाभाठा में निर्मित भव्य ऐतिहासिक गुरुद्वारे का उद्घाटन 17 फरवरी को होगा। इस कार्यक्रम में सिख पंथ की सर्वोच्च संस्था के अध्यक्ष, एसजीपीसी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी शामिल होंगे। वे छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय प्रवास पर विमान द्वारा सुबह अमृतसर से रायपुर पहुंचेंगे। उनके भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। स्वागत उपरांत वे होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में प्रदेश की सभी गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी, सामाजिक संस्थानों के पदाधिकारियों के साथ सिख समाज की गतिविधियों पर चर्चा करेंगे। इसके बाद वे बिलासपुर रोड स्थित रांवाभाठा में निर्मित भव्य ऐतिहासिक गुरुद्वारे का उद्घाटन करेंगे। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के मार्गदर्शन में भव्य गुरमत संगीत विद्यालय का भी यहां शुभारंभ होगा। इस गुरुद्वारे की साज-सज्जा आधुनिक और आकर्षक शैली में की गई है, जिसकी भव्यता देखते ही बन रही है।

#### गुरु गाथा का करेंगे गुणगान

इस कार्यक्रम में दरबार साहिब के रागी जत्थे सिख गुरु गाथा का गुणगान कर गुरु नाम लेवा संगत को निहाल करेंगे। उद्घाटन के पश्चात श्री धामी, अमरजीत सिंह छाबड़ा के विशेष आग्रह पर अपने पूरे काफिले के साथ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के कार्यालय भी पहुंचेंगे। जहां भी वे सिख पंथ की गतिविधियों एवं विकासपरक योजनाओं पर चर्चा कर अपनी राय व मार्गदर्शन देंगे। इस पूरे कार्यक्रम में सिख फोरम के अध्यक्ष बलदेव सिंग भाटिया, राज्य अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा समेत सिख समाज के गणमान्यजन व सभी गुरुद्वारों के प्रधान प्रमुख रूप से सम्मिलित होंगे।

### इंटीरियर होम डेकोरेशन के लिए लकड़ियों से बनी सजावटी सामग्री का बढ़ा क्रेज

# लकड़ियों की तराशी गई कलाकृतियों और मंडला से घरों की सजावट में लगा रहे चार-चांद

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** वुडन आर्ट्स का उपयोग घर की सजावट का सबसे अहम हिस्सा होता है। यही वजह है कि हर वर्ग के लोग घर के इंटीरियर सजावट में लकड़ियों से बनी नक्काशीदार और आकर्षक कलाकृतियों को शामिल करते हैं। शहर के जाने माने इंटीरियर डिजाइनर प्रभात शुक्ला बताते हैं कि बदलते दौर के साथ इंटीरियर होम डेकोरेशन में लकड़ियों की बनी कलाकृतियां की सजावट का क्रेज और पसंद भी तेजी से नया स्वरूप में सामने आया है। इंटीरियर डिजाइनर बताते हैं कि कमरे की दीवारों को हाथ से नक्काशी की गई कलाकृतियां से सजाने से कमरे में एक ऐसी जीवंतता आती हैं, जो और दूसरे सजावटी सामानों से मुमकिन नहीं। बिस्तर के ऊपर एक विशाल लकड़ी का मंडला या दालान में 3-डी ज्यामितीय नक्काशी के एक सेट न सिर्फ दीवार को ढकने से कहीं ज़्यादा एक ऐसा आकर्षक केंद्र बिंदु बनाती है, जो कमरे की सुंदरता में चार-चांद लगा देता है। वहीं, काष्ठकला से जुड़े कारीगर अब अत्याधुनिक यंत्रों के इस्तेमाल से लकड़ियों की आकृतियों को तरासने के साथ उसमें अधिक जीवंत लुक दे रहे हैं, जो लोगों का मन मोह ले रहा है। हस्तनिर्मित लकड़ी की वस्तुएं जैसे नक्काशीदार फर्नीचर, दीवार की सजावट और पुराने लकड़ी के बक्से रखने की जगह में विशिष्टता और कलात्मकता जोड़ते हैं, जिससे घर को एक अनूठा, सांस्कृतिक और आरामदायक अनुभव मिलता है। लकड़ी की कलाकृतियां आधुनिक से लेकर पारंपरिक तक हर तरह की इंटीरियर शैली के साथ बहुत अच्छी लगती है।



#### लकड़ी के स्टोरेज बक्से

लकड़ी के भंडारण बक्से अक्सर खुले में पड़े रहते हैं। इनमें छोटी-छोटी चीजें रखी जाती हैं जो अन्यथा खो सकती हैं। लकड़ी की सजावटी वस्तु के रूप में उपयोग करने पर ये और भी आकर्षक लगते हैं। इन पर लगे निशान और खरोंच इन्हें इस्तेमाल किए जाने का एहसास दिलाते हैं।

#### लकड़ी के पौधे रखने के स्टैंड

इंटीरियर डिजाइनर व वुडन आर्टिस्ट आरूषि मेहता का कहना है कि पौधे कमरे का माहौल बदल देते हैं, लेकिन उन्हें रखने की जगह मायने रखती है। लकड़ी के प्लांट स्टैंड उन्हें थोड़ी ऊंचाई देते हैं और जगह प्रदान करते हैं। लकड़ी की यह सजावटी वस्तु हरियाली को प्राकृतिक सामग्रियों से शांतिपूर्ण ढंग से जोड़ती है।

#### लकड़ी के मोमबत्ती होल्डर

इंटीरियर डिजाइनर आयुष शर्मा का कहना है कि अगर घर में लकड़ी के लैंप हैं तो उनमें कुछ हल्की रोशनी वाली एक्सेंट लाइटिंग का इस्तेमाल करने पर वह अधिक सुंदर लुक देगा। लकड़ी के मोमबत्ती होल्डर के लिए अलग-अलग ऊंचाई के मोटे लकड़ी के पिलर बेहद खूबसूरत लगता है। इससे मेंटलपीस या डाइनिंग टेबल पर एक अलग-अलग ऊंचाई का लुक आता है, जो वाकई शानदार लगता है।

#### लकड़ी की दीवार शेल्फ

बढ़ाईपारा के काष्ठ कारीगर विवेक साहू का कहना है कि वह लकड़ियों से फर्नीचर व सजावटी सामान तरासते हैं। उनका कहना है कि दीवार पर लगने वाली अलमारियां आमतौर पर सामान रखने के लिए लगाई जाती हैं, न कि सजावट के लिए, लेकिन एक बार लग जाने पर ये दीवार का रूप ही बदल देती हैं। किताबें, पौधे और अन्य वस्तुएं एक कहानी कहने लगती हैं। इस तरह की लकड़ी की सजावटी वस्तु सिर्फ देखने की चीज नहीं रह जाती, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन जाती है।

#### लकड़ी की कॉफी टेबल

इंटीरियर डिजाइनर अंशु गुप्ता का कहना है कि कॉफी टेबल शायद ही कभी हमेशा साफ-सुथरी रहती है। कप उस पर पड़े रहते हैं। कागजों का ढेर लग जाता है। कभी-कभी तो कुछ भी ठीक से व्यवस्थित नहीं होता। लकड़ी का सजावटी सामान यहां अच्छा लगता है, क्योंकि अस्त-व्यस्त होने पर भी यह बुरा नहीं लगता। यह मजबूत और जाना-पहचाना सा लगता है।


नीलकंठेश्वर मंदिर झांकी


सुभाष नगर झांकी


शिव बारात झांकी

# शिवजी के विवाह में देव-दानव बने बाराती, श्रृंगार दर्शन से पहले रुद्राभिषेक करने लगा भक्तों का तांता


शिव बारात झांकी

'महादेव की आस्था का महापर्व भक्तिमय माहौल में रविवार को मनाया गया। महाशिवरात्रि की धूम जहां शिवालयों में रही, वहीं गली-मोहल्ले और कॉलोनियों में स्थित शिवधाम से शाम को निकाली गई आकर्षक झांकियों ने आस्था का संचार किया। भजन-कीर्तन के साथ ही मंत्रोच्चार की गूंज के बीच रुद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक करने के लिए भक्तों का तांता दिनभर शिवालयों में रहा। महादेवघाट स्थित हाटकेश्वरनाथ के श्रीधाम तक पारंपरिक रूप से झांकी के स्वरूप में बारात निकाली गई। इसमें दैत्य-देवता भी बाराती बने। शिव और माता पार्वती की शादी भी विधि-विधान से रायपुरा स्थित एक परिवार में की गई। जहां भव्य बारात जिस मार्ग से गुजरी, भक्तों ने जयघोष किया। ऐसा ही नजारा छत्तीसगढ़ नगर, सुभाष नगर, भाठागांव में रहा। वहीं, टोलाघाट और महादेव घाट में दिनभर भक्तों का मेला लगा।'



## भक्ति में डूबा रोहिणीपुरम, बना शिवमय माहौल

'पार्वती बोली शंकर से, सुनिए भोलेनाथ...' जैसे भजनों की श्रृंखला से रोहिणीपुरम स्थित महादेव मंदिर का माहौल शिवमय बना। महाशिवरात्रि से पहले शिवाजी इंग्लिश स्कूल के बच्चों ने अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा की श्रद्धालु भाव -विभोर हो उठे। सबसे विशेष झलक तब देखने को मिली, जब दो नन्हे विद्यार्थियों ने भगवान शिव और मां पार्वती का रूप धारण किया। उनकी सजीव अभिव्यक्ति, वेशभूषा और मासूम भाव-भंगिमाओं ने ऐसा आभास कराया, मानो स्वयं भोलेनाथ और माता पार्वती विराजमान हों। लोगों ने जहां श्रद्धा से हाथ जोड़ लिए, वहीं कई श्रद्धालुओं ने भजनों की धुन पर स्वयं भी झूमते नजर आए। भजन, नृत्य और आराधना के संगम ने मंदिर परिसर को भक्ति की अनूठी ऊर्जा से भर दिया। बच्चों की प्रस्तुति ने न केवल दर्शकों का दिल जीता, बल्कि महाशिवरात्रि के पर्व की आध्यात्मिक भाव को भी जीवंत किया। अंत में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। विद्यालय की संचालिका शिरीन जोशी के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया गया।



डीडी नगर सेक्टर-2 स्थित श्री गौरीशंकर मंदिर में महाशिवरात्रि पर दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महाशिवरात्रि पर ललिता ग्रुप की महिलाओं ने मंदिर में भगवान शिव का रूद्राभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। ललिता महिला ग्रुप की प्रमुख के. श्रीदेवी ने बताया कि इस विशेष अनुष्ठान में कालोनी की श्रद्धालु महिलाओं ने शिरकत की। 16 फरवरी को यहां श्रीगौरीशंकर का विवाह महोत्सव मनाया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में ग्रुप एवं कालोनी की महिला श्रद्धालुओं की भागीदारी रहेगी।

## महादेव के महापर्व पर शिवालयों में सुबह से शाम तक श्रृंगार, आकर्षक झांकी संग भक्त बने शिवजी के बाराती

**रायपुर।** महादेव घाट स्थित हाटकेश्वनाथ के श्रीधाम में ब्रह्म मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने स्नान करने के बाद लगाए गए अरघा के माध्यम से आदिदेव का अभिषेक करते हुए महाशिवरात्रि का पुण्यार्जन किया। वहीं, रायपुरा में एक परिवार के द्वारा इस साल भी पार्वती के मायके का स्वरूप लिया। जहां सजाए गए लग्न मंडप में शिव और पार्वती के आकर्षक स्वरूप का शुभ विवाह पारंपरिक तरीके से किया गया। इससे पहले दैत्यों और देवताओं संग शिव की निकाली गई बारात ने आस्था का संचार किया। दिनभर मंदिर में श्रृंगार दर्शन करने वालों का तांता लगा रहा। भोलेनाथ ने भक्तों को अर्ध नारीश्वर स्वरूप में दर्शन दिया। इसी तरह शहर से सटे टोलाघाट स्थित शिव मंदिर में जहां दर्शन करने वालों की कतार सजी, वहीं क्षेत्र में भक्तों की भीड़ की वजह से महोत्सव का माहौल बना। जहां परिवार के साथ पहुंचे लोगों ने भक्ति के साथ मेले का भी लुत्फ उठाया।

### सुर-असुरों के साथ भूत-पिशाच बने आकर्षण

भाठागांव स्थित श्रीहर नीलकंठेश्वर धाम में शिवरात्रि पर उत्सव का माहौल दिनभर रहा। दर्शन के लिए पहुंचे भक्तों के बीच भोलेनाथ की दिव्य प्रतिमा जहां आकर्षण का केन्द्र रही, वहीं महाशिवरात्रि की शाम को चांदी के दिव्य आभूषणों से श्रृंगार के बाद महादेव ने दर्शन दिए। धार्मिक आयोजन के चलते मंदिर में भक्ति का चौतरफा रंग चढ़ा। उत्सव को महोत्सव का रूप देने के लिए मंदिर के संस्थापक मनोज वर्मा ने इस बार ओडिशा के ग्रुप के जरिए आकर्षक झांकियों की श्रृंखला सजाने के साथ धुमाल और बैंड ग्रुप के साथ बारात निकाली। वहीं, टिकरापारा क्षेत्र में इस साल भी आकर्षक झांकियों की कतार सजने से आसपास के लोगों को भक्तिमय माहौल मिला।

**भस्म आरती के बाद भक्तों ने किया अभिषेक :** कृष्ण मित्र फाउंडेशन के अध्यक्ष माधव लाल यादव और सचिव गोवर्धन झंवर की अगुवाई में सोमेश्वर महादेव का सुबह 8 बजे भस्म आरती की गई। इसके बाद जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक का क्रम शुरू हुआ। दोपहर से विशेष श्रृंगार करके नया स्वरूप दिया गया। वहीं, शाम को महाआरती, 56 भोग और भंडारे का सिलसिला शुरू हुआ। इसमें विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे, निगम में जोन 6 के अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता ,पार्षद प्रमोद साहू महाशिवरात्रि पर किए गए आयोजन में शामिल हुए।








हाटकेश्वर मंदिर

आदिशक्ति बूढ़ादेव महादेव मंदिर में आदिशक्ति बूढ़ादेव सेवा समिति विवेकानंद सरोवर द्वारा बूढ़ातालाब में महादेव महराज का विशेष अभिषेक, आरती पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें समिति के सदस्य और श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। समिति सदस्य राजेंद्र तंबोली, किशोर चंद्राकर, नंदकिशोर बिजोरा, भानु चंद्राकर, मानव नेमा, वेंकट स्वामी, अमित थवाईत, चंद्रप्रकाश शर्मा, जयप्रकाश तंबोली, जुगल तंबोली, गोलू चंद्राकर, अंकित चंद्राकर, अजेय, सुजेय तंबोली, निखिल, अखिल तंबोली, अविनाश थवाईत आदि शामिल हुए।

### सर्वजन हिताय की भावना से किया अभिषेक

सर्वजन हिताए और सर्वजन सुखाय की भावना से शक्तिपीठ में आयोजित गायत्री महायज्ञ में आहुतियां दी गईं। महाशिवरात्रि पर समता कालोनी स्थित शक्तिपीठ में किए गए आयोजन में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस, सदाशिव हथमल ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ में सुबह मां गायत्री की विशेष पूजा-अर्चना के साथ विभिन्न संस्कार किए गए। महाशिवरात्रि के दिन ही मां गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा हुई थी, इसलिए महाशिवरात्रि को माता के जन्म दिवस के रूप में मनाया गया। प्रांगण में महाकाल मंदिर की स्थापना भी हुई है, इसलिए अभिषेक किया गया। इसमें ट्रस्टी हनुमान प्रसाद अग्रवाल, श्रीमती आदर्श वर्मा, ट्रस्टी दीनानाथ शर्मा शामिल हुए।



### लघु रुद्रपाठ और महाआरती मंडल शिवमय

महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में 48 जोड़ों ने एक साथ आचार्य चेतन दंडवते के मार्गदर्शन में रुद्राभिषेक किया। पहली बार मंडल में बाबा महाकाल का प्रतीकात्मक स्वरूप की भस्म आरती की गई। महिला प्रमुख ज्योति कान्हे सहित 11 महिलाओं की टीम ने रुद्र पाठ किया। 23 वर्षों से पूजा में बैठने वाले उषा-उदय बेड़ेकर और 20 वर्षों से शामिल होने वाली सोनाली- सौनील शिंगवेकर, अर्चना- आनंद मोड़क और सुरभि- सुनील गनौदवाले का शाल-श्रीफल और सूत की माला से सम्मान किया गया। मंडल के अध्यक्ष अजय काले, परितोष डोनगांवकर और निरंजन पंडित पूजा में शामिल रही।




टोलाघाट मंदिर

### परमात्मा के दिव्य अवतरण का पर्व है शिवरात्रि

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयन्ती छह दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया जा रहा है। शान्ति सरोवर सड्डू और नवा रायपुर सेक्टर- 20 में शान्ति शिखर भवन में द्वादश ज्योतिर्लिंग को झांकी के रूप में प्रदर्शित की है, जिसका दर्शन करने दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण की यादगार है। जब धरती पर अज्ञान का अंधकार छाया होता है। मनुष्य काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार के वशीभूत होकर दुखी और अशांत हो जाता है, तब उन्हें ज्ञान देकर निर्विकारी और पवित्र बनाने के लिए परमात्मा शिव का दिव्य अवतरण होता है। वे अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर करते हैं। इससे पहले ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने शिव ध्वज फहराते हुए सभी भाई-बहनों को अपनी बुराइयों को प्रभु अर्पण करने का संकल्प लिया।





### नेपाली समाज की महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

*श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज के द्वारा डगनिया से पारंपरिक रूप से कलश यात्रा निकाली गई। सचिव हरिप्रसाद शर्मा के घर से शितला मंदिर तक निकाली गई भव्य कलश यात्रा के दौरान भक्तिमय माहौल रहा। इसमें समाज के हर वर्ग ने सहभागिता निभाते हुए आयोजन को सफल बनाया। इसमें महिलाओं ने जहां भावपूर्ण भजनों का गायन किया, वहीं विधि-विधान से पूजा-पाठ किया गया।*



### 11111 दीपों से की गई भोलेनाथ की महाआरती

बिरगांव के बुधवारी बाजार स्थित भगवान भोलेनाथ मंदिर में भक्तिमय माहौल रहा। देवांगन कल्याण समाज के धर्म प्रचार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भीखम लाल देवांगन के नेतृत्व में दीप महायज्ञ किया गया। शिव मंदिर प्रांगण को 11111 दीपों से सजाते हुए महाआरती की गई। भक्तों ने 101 लीटर त्रिवेणी के जल से अभिषेक किया। 11111 दीपों से भोलेनाथ के मंदिर को सजाते हुए भव्य आरती की गई। इसमे भक्तों के साथ विधायक मोतीलाल साहू, भीखम लाल देवांगन, लाल कुमार देवांगन प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बीएसपी के कप्तान वैभव और संगीत ने जड़े शानदार शतक

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा





आयोजित सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच के पहले दिन राज्य के अलग-अलग शहरों में शानदार मुकाबले हुए। आरडीसीए रायपुर में टीम बीएसपी के विरुद्ध बस्तर ने टॉस जीता और पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी में बीएसपी ने पहली पारी में पांच विकेट पर 394 रन बनाए। बीएसपी टीम के कप्तान वैभव साहू ने नॉट आउट 126 रन बनाएं। वहीं संगीत सोनी ने 111 रन बनाए। दोनों ही बल्लेबाजों ने लगातार पारियों में शतक लगाया। शुभम मौर्य ने 52 रन, पियूष पिल्ले ने 42 रन, जसविंदर सिंह गिल ने 23 रन एवं कार्तिक नायडू ने नॉट आउट 25 रन बनाए। गेंदबाजी में बस्तर के सौरव मजूमदार ने तीन विकेट व अब्दुल अनस खान ने एक विकेट लिए और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में टीम दुर्ग के विरुद्ध राजनांदगांव ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी में राजनांदगांव ने पहली पारी में 5 विकेट पर 341 रन बनाए। उपेंद्र सिंह मरकाम ने 125 रन, बी बालाजी राव ने 70 रन, कैप्टन रोहन टांक ने नॉट आउट 50 रन, श्रेयांश ने 33 एवं गौरव मिश्रा ने 23 रन बनाए। गेंदबाजी में दुर्ग के जितेश कुमार वर्मा ने दो विकेट, विक्रांत सिंह राजपूत एवं शिवम यादव ने एक-एक विकेट लिए और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

### ओपन नेशनल वेटलिफ्टिंग में रेहान ने जीता स्वर्ण पदक



**भिलाई।** मोदीनगर में 03 से 14 फरवरी तक आयोजित प्रतिष्ठित ओपन नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में राजनांदगांव के होनहार वेटलिफ्टर रेहान खान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यूथ वर्ग के 94 किलोग्राम ग्रुप में स्वर्ण पदक अपने नाम कर इतिहास रच दिया।

रेहान खान ने स्नेच में 125 किलोग्राम तथा क्लीन एंड जर्क में 161 किलोग्राम भार उठाकर कुल 286 किलोग्राम वजन के साथ गोल्ड मेडल जीतकर न केवल अपने जिले राजनांदगांव बल्कि समूचे छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। उनकी यह उपलब्धि कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन का परिणाम है।

विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को मिला एकमात्र स्वर्ण पदक रेहान खान के खाते में आया, जिससे प्रदेश का खेल गौरव और भी सुदृढ़ हुआ है। उनकी सफलता ने प्रदेश के युवा खिलाड़ियों में नया उत्साह और प्रेरणा का संचार किया है। स्वर्ण पदक जीतने के पश्चात रेहान खान ने दुर्ग सांसद एवं प्रदेश वेटलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष विजय बघेल से उनके निज निवास सेक्टर-5, भिलाई में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने रेहान को मेडल पहनाकर उनका अभिनंदन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर प्रदेश वेटलिफ्टिंग संघ के उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, कोच अजय लोहार, रेहान के पिता मजहर खान, छबि राम विश्वकर्मा एवं कोमल सोनी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने रेहान की इस ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नेशनल पावरलिफ्टिंग में छत्तीसगढ़ का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** नागपुर में आयोजित 32वीं नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के बेंच प्रेस सिंगल इवेंट में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा। 66 किलोग्राम जूनियर वर्ग में साहिल साहू ने रजत पदक प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। 74 किलोग्राम सीनियर वर्ग में प्रशाम दत्ता ने रजत पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि प्रशाम दत्ता भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश खेल एवं कला के सह-प्रमुख भी हैं और खेल के साथ-साथ संगठन में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। 84 किलोग्राम सीनियर वर्ग में जयेश पंजवानी ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया। इन उपलब्धियों पर छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग संघ के राज्य सचिव राकेश साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। इस अवसर पर टीम के मैनेजर यशवंत धुर्नादर ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

#### डॉक्टरों के मुताबिक ब्लड ग्रुप अनुसार खानपान रखना बेहतर

# आपका खानपान होना चाहिए ब्लड ग्रुप के अनुसार, इससे बेहतर रख सकते हैं अपनी सेहत को

साल 1996 में, नैचुरोपैथिक डॉक्टर पीटर जे. डीएडमो ने 'ईट राइट 4 योर टाइप' नाम से एक किताब लिखी, जिसमें उन्होंने दावा किया कि अपने ब्लड ग्रुप के हिसाब से डाइट का चयन करना कई बीमारियों से बचाए रखने में आपके लिए मददगार हो सकता है।

अच्छी सेहत के लिए अच्छा खान-पान बहुत जरूरी है। आपका डाइट जैसा होगा, उसका सेहत पर सीधा असर होता है, यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को विटामिन्स-मिनरल्स से भरपूर चीजें खाने की सलाह देते हैं।

विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को अपनी सेहत के अनुसार ही डाइट का चयन करना चाहिए। जैसे कि अगर आपको डायबिटीज है तो लो-ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाली चीजें खानी चाहिए वहीं हाई ब्लड प्रेशर या हार्ट की बीमारी वाले लोगों को सोडियम वाली चीजों का सेवन कम से कम करना चाहिए। पर क्या आप जानते हैं कि अपने ब्लड ग्रुप के आधार पर भी डाइट को लेकर ध्यान देते रहना जरूरी है?

किसी खास ब्लड ग्रुप वाले लोगों को ज्यादा मच्छर काटने, ब्लड ग्रुप और हार्ट की समस्याओं के खतरे को लेकर आपने भी कई रिपोर्ट्स देखी और पढ़ी होंगी।



आइए आज जानते हैं कि किस ब्लड ग्रुप वालों को किन चीजों का सेवन करना चाहिए?

### विशेषज्ञ ने किताब में किया है जिक्र

साल 1996 में, नैचुरोपैथिक डॉक्टर पीटर जे. डीएडमो ने 'ईट राइट 4 योर टाइप' नाम से एक किताब लिखी, जिसमें उन्होंने दावा किया कि अपने ब्लड ग्रुप के हिसाब से डाइट का चयन करना कई बीमारियों से बचाए रखने में आपके लिए मददगार हो सकता है। कुछ खाद्य पदार्थ शरीर में इंफ्लेमेशन को कम करने, ऊर्जा बढ़ाने और वजन कम करने में आपके लिए मददगार हो सकते हैं।

डी'एडमो का दावा है कि आपके रक्त में पाए जाने वाले एंटीजन (जो यह तय करते हैं कि आप टाइप ओ, ए, बी या एबी हैं) भोजन के साथ प्रतिक्रिय कर सकते हैं। विभिन्न ब्लड ग्रुप वाले लोगों में अलग-अलग गट बैक्टीरिया भी होते हैं, इसलिए सही आहार का चयन पाचन, मेटाबॉलिज्म सहित कई प्रकार से आपके लिए लाभकारी हो सकता है।



### टाइप ए ब्लड ग्रुप वालों का डाइट

टाइप-ए ब्लड ग्रुप वाले लोगों को फलों और सब्जियों, टोफू, बीन्स और फलियों के साथ साबुत अनाज से भरपूर शाकाहारी आहार लेने की सलाह दी जाती है। डी'एडमो का कहना है कि टाइप-ए ब्लड वाले लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली संवेदनशील होती है। हरी सब्जियां, अनानास, ऑलिव ऑयल और सोया, वजन घटाने के लिए सबसे अच्छे हैं, जबकि डेयरी उत्पाद, मक्का और राजमा का सेवन कम करें। इम्युनिटी बढ़ाने वाली चीजें ज्यादा खानी चाहिए।



### टाइप बी ब्लड ग्रुप वालों का डाइट

अगर आपका ब्लड टाइप बी है, तो मीट, फल, डेयरी, सीफूड और साबुत अनाज वाला मिक्स डाइट सबसे अच्छा माना जाता है। जिन खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए उनमें मक्का, गेहूं, टमाटर, मूंगफली और तिल शामिल हैं। कुछ लोगों के लिए ज्यादा चिकन खाना भी समस्या पैदा कर सकता है। हरी सब्जियां, अंडे, लो फैट वाले डेयरी उत्पाद इस ब्लड ग्रुप वाले लोगों की सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

### टाइप एबी ब्लड ग्रुप वालों का डाइट

इस ब्लड ग्रुप वाले लोगों को जिन खाद्य पदार्थों पर ध्यान देना चाहिए उनमें टोफू, सीफूड, डेयरी और हरी सब्जियां शामिल हैं। डी'एडमो का मानना है कि एबी ब्लड टाइप वाले लोगों के पेट में एसिड की मात्रा कम हो सकती है और इस वजह से उन्हें कैफीन, शराब और स्मोक्ड मीट से बचना चाहिए।

## रोटी बनेगी एकदम सॉफ्ट, अगर अपनाएंगे ये टिप्स



रोटी को सॉफ्ट रखने के टिप्स और ट्रिक्स क्या आपको पता है? अगर नहीं पता, तो हमारा यह लेख आपको कुकिंग प्रो बनाने में मदद करेंगे। रोटी बढ़िया तरीके से फूलेगी भी और लंबे समय तक सॉफ्ट रहेगी।

आटे को गूंथना मुश्किल नहीं है, लेकिन अगर उससे रोटी कड़क हो रही है तो हो सकता है आप ठीक से आटा नहीं गूंथ रहे हैं। वहीं, ऐसी कई सारी चीजें होती हैं जो आटे को सॉफ्ट बनाते हैं। इससे रोटी भी मुलायम बनती है। कुछ लोग आटा गूंथते वक्त आटे में गुनगुना दूध डालते हैं। कुछ बेकिंग सोडा या दही डालकर आटे को सॉफ्ट बनाते हैं। क्या आपने कभी आटे में इन सीक्रेट इंग्रीडिएंट्स को डालकर देखा है?

अगर नहीं, तो हम आज आपको एक अन्य सीक्रेट इंग्रीडिएंट के बारे में बताएंगे, जो आपकी रोटी को सॉफ्ट भी बनाएगा और लंबे समय तक फ्रेश रखेगा। साथ ही, इस लेख में रोटियों को अच्छे से पैक करने के हैक्स भी जानें।

### रोटी कड़क क्यों हो जाती है?

अगर आटे में पानी की मात्रा सही नहीं होगी, तो रोटी सूख सकती है। बहुत टाइट या बहुत ढीला आटा भी रोटी की सॉफ्टनेस को प्रभावित करता है। बहुत ज्यादा गरम तवे पर रोटी जल सकती है, जबकि ठंडे तवे पर यह अच्छी तरह फूलेगी नहीं। इतना ही नहीं, अगर आप रोटी को ढककर नहीं रखते हैं, तो भी यह जल्दी हार्ड हो सकती है।

### मैदे से कैसे सॉफ्ट होगी रोटी?

मैदा डालकर रोटी को और भी ज्यादा नरम बनाया जा सकता है। इसके लिए आपको सिर्फ एक चम्मच मैदा आटे में मिलाना है। इससे रोटी का टेक्सचर सॉफ्ट हो जाता है और यह जल्दी सूखती नहीं

### मैदा मिलाकर सॉफ्ट रोटी बनाने का तरीका-

इसके लिए आटा गूंथने से पहले उसमें थोड़ा-सा मैदा डालें। अगर आपने 2 कप गेहूं के आटा लिया है, तो उसमें 1 चम्मच मैदा और थोड़ा गुनगुना दूध डालें। आटे को ठंडे पानी से गूंथने की जगह हल्के गुनगुने पानी से आटा तैयार करें और इसे कम से कम 20 मिनट ढककर रखें। हल्के हाथ से बेलें और मीडियम गर्म तवे पर सेकें। अगर आप रोटी में घी लगाना पसंद करते हैं, तो उसमें घी लगाएं और मजा लें।

### रोटी को सॉफ्ट रखने के ट्रिक्स-

आटे को कम से कम 10 मिनट ढककर रखने से यह ज्यादा स्मूद और सॉफ्ट हो जाता है, जिससे रोटी भी नरम बनती है। यह आटा गूंथने की ट्रिक सॉफ्ट रोटी बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।

### सही तापमान पर रोटी सेकें

रोटी को ज्यादा गरम या ठंडे तवे पर नहीं सेंकना चाहिए। हमेशा मीडियम आंच पर सेकें और बीच-बीच में पलटते रहें। इससे यह अंदर तक अच्छी तरह सिकेगी और सूखेगी नहीं।

## फाल्गुन माह में करें गीता के श्लोक का जाप



इन दिनों फाल्गुन माह चल रहा है और इस माह में भगवान शिव, भगवान विष्णु और राधा-कृष्ण की पूजा का विशेष विधान है। मान्यता है कि फाल्गुन माह में कोई भी किया गया धार्मिक कार्य 100 गुना होकर वापस मिलता है। ज्योतिषाचार्य पं. विजयकांत भट्ट बताते हैं कि फाल्गुन माह में भगवद गीता के एक श्लोक का निरंतर रोजाना जाप करने से कई लाभ प्राप्त होते हैं।

भगवद गीता में एक श्लोक वर्णित है- 'अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाह परयुपासते।' इस श्लोक का अर्थ है: जो लोग मुझे केवल अपने हृदय में सोचते हैं और मेरी पूजा करते हैं, मैं उन्हें सभी परेशानियों से मुक्त करता हूं।इस श्लोक में भक्ति योग का अद्भुत संदेश है। इसमें भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि जो भक्त बिना किसी भेदभाव के केवल उनका ध्यान करते हैं, भगवान उन्हें अपनी कृपा से हर मुश्किल से उबार ही लाते हैं।

फाल्गुन माह में रोजाना इस श्लोक का जाप करने से भगवान श्री कृष्ण की विशेष कृपा होती है। इस श्लोक के जाप से व्यक्ति में भक्ति का संचार होता है और वह आध्यात्म की ओर बढ़ता है।

इस श्लोक के फाल्गु माह में रोजाना जाप से आत्मा की शुद्धि होती है और आत्मिक उन्नति की दिशा में व्यक्ति का मार्गदर्शन होता है। आपका मन शांत होता है और भगवान से आपका जुड़ाव बढ़ता है।

इस श्लोक का जाप सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह करता है। फाल्गुन माह में यह ऊर्जा विशेष रूप से शक्तिशाली होती है, और यह आपके जीवन में अच्छे परिवर्तन और मानसिक शांति लाती है।



## बच्चों के लिए जरूरी है बैड टच और गुड टच के बारे जानना

बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराध के कारण बच्चों को सुरक्षा सिखाना जरूरी है। जो बच्चे गुड टच और बैड टच के बीच अंतर करने में सक्षम हैं, वे अपने माता-पिता को उनके साथ अनुभव किए जा रहे किसी भी गलत व्यवहार के बारे में बता सकते हैं।

आधुनिक माता-पिता अपने बच्चों के साथ असहज विषयों पर चर्चा करने से नहीं कतराते, क्योंकि वे जानते हैं कि छोटे बच्चों को सही ज्ञान देना महत्वपूर्ण है ताकि उन्हें नुकसान से सुरक्षित रखने में मदद मिल सके। बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराध के कारण बच्चों को सुरक्षा सिखाना जरूरी है। जो बच्चे गुड टच और बैड टच के बीच अंतर करने में सक्षम हैं, वे अपने माता-पिता को उनके साथ अनुभव किए जा रहे किसी भी गलत व्यवहार के बारे में बता सकते हैं। आज की इस खबर में हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप अपने बच्चों को गुड टच और बैड के बारे में कैसे समझा सकते हैं और उन्हें सुरक्षित रहने में मदद कर सकते हैं। आइए जानते हैं।



### क्या है गुड टच?

किसी भी व्यक्ति के साथ कोई भी शारीरिक संपर्क जो सहमति से होता है और प्यार और देखभाल की तरह लगता है। वह गुड टच यानी कि अच्छा स्पर्श है। सिर या पीठ पर थपकी, गले लगाना जो मजबूरी या दबाव महसूस न कराए, अच्छा स्पर्श है। इस तरह का टच बच्चे को सुरक्षित महसूस कराता है।

### क्या है बैड टच?

कोई भी शारीरिक संपर्क जो सहमति के बिना होता है बुरा स्पर्श यानी कि बैड टच कहलाता है। यह सुरक्षित महसूस नहीं कराता है और शारीरिक दर्द भी पैदा कर सकता है। यह बच्चे को असहज महसूस कराने लगता है। निजी शरीर के अंगों को दबाना या छूना या असहज रूप से करीब होना बुरा स्पर्श कहलाता है।

### बच्चों को गुड और बैड टच में कैसे बताएं अंतर?

बच्चे मासूम होते हैं और उन्हें अपने बड़ों के निर्देशों का पालन करना सिखाया जाता है। वे उचित और अनुचित स्पर्श के बीच अंतर नहीं कर सकते हैं और दूसरों द्वारा आसानी से धोखा भी खा सकते हैं। बच्चों को कम उम्र से ही यह सिखाना जरूरी है कि हर किसी की एक शारीरिक सीमा होती है, जिसे बिना सहमति के पार नहीं किया जाना चाहिए। उन्हें यह जानने की जरूरत है कि उनकी मां या कुछ खास देखभाल करने वालों के अलावा किसी को भी उनके निजी अंगों को देखने या छूने की अनुमति नहीं है। जब बच्चों को यह जानकारी दी जाती है, तो वे समझ जाते हैं कि कोई उनके साथ छेड़छाड़ या दुर्व्यवहार करने की कोशिश कर रहा है। वे गलत व्यवहार को पहचान लेंगे और अपने माता-पिता को इसकी सूचना देंगे। लेकिन अगर उन्हें इसके बारे में नहीं सिखाया जाता है, तो उन्हें धोखा देकर अधीनता में लाया जा सकता है और वे डर या शर्म के कारण अपने साथ हो रही घटनाओं के बारे में नहीं बता सकते हैं।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

उज्जवल इंटरप्राइजेस प्लाईवुड एंड इंटीरियर
मॉड्यूलर किचन
डोर एवं चौखट
asianpaints
हार्डवेयर टिम्बर
पता: स्टार नर्सरी के सामने, पुराना धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.), मो.: 7415799000

दुकान एक कुलर अनेक
कूलर हाउस
Mango बिना आवाज कूलर 7 स्पीड BLDC
आकाश जैन - 98261-64650,
रतन जैन - 98271-29211
सिटी कोतवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
डक्टिंग कूलर, हॉल, वर्कशॉप, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार के लिये

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ट्रंप की पत्नी की 20 दिन की कहानी 'मेलानिया' बनी सबसे महंगी डॉक्यूमेंट्री



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वाइफ और अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' ने ओपनिंग वीकेंड पर रेकॉर्ड कमाई की है। इसकी मार्केटिंग पर 35 मिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए। इसे अब तक की सबसे महंगी डॉक्यूमेंट्री करार दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वाइफ और अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' की नॉर्थ अमेरिका में वीकेंड बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग रही। हालांकि, फिल्म क्रिटिक्स से इस फिल्म को खराब रिव्यूज़ मिले हैं। इस डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन ब्रेट रैटनर ने किया है। बता दें कि यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण से 20 दिन पहले की कहानी है।

सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, पहले ट्रंप सपोर्टर्स ने इसे बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड पर करीब 7 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई तक पहुंचाया। यह आंकड़ा एक डॉक्यूमेंट्री के लिए बहुत बड़ा है। उम्मीद की जा रही है कि यह करीब एक दशक में अपनी तरह की सबसे अच्छी परफॉर्म करने वाली डॉक्यूमेंट्री बन जाएगी। इसे लेकर फर्स्ट लेडी मेलानिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'सभी के द्वारा पसंद किया गया- ए सिनेमास्कोर। 'मेलानिया' ने पहले ही 2025 के ऑस्कर के लिए नॉमिनेट पांच फिल्मों से अधिक कमाई कर ली है।'आईएएनएस की रिपोर्ट में कहा गया है कि, फिल्म क्रिटिक्स ने इसे मेटाक्रिटिक पर सिर्फ 6 पर्सेंट और रॉटेन टोमाटोज पर 10 पर्सेंट की अप्रूवल रेटिंग दी। इसका मतलब है कि 100 में से दस से ज्यादा क्रिटिक्स ने डॉक्यूमेंट्री को पॉजिटिव नहीं माना।

### टॉलीवुड

## महेश की 1200 करोड़ी फिल्म 'वाराणसी' का रामायण से कनेक्शन, शूट हुआ 25 मिनट का सीन



एसएस राजामौली अपनी सबसे बड़ी फिल्म 'वाराणसी' की रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, जिसमें प्रियंका चोपड़ा, महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन लीड रोल्स में हैं। यह फिल्म 7 अप्रैल, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस दिग्गज निर्देशक ने अब 'वाराणसी' से रामायण महाकाव्य के कनेक्शन की पुष्टि कर दी है। पॉलीगॉन से बात करते हुए राजामौली ने कहा, 'मेरी सभी फिल्में भगवान राम के महाकाव्यों से प्रेरित हैं। इस फिल्म में मुझे रामायण की एक वास्तविक घटना को लेकर उसे इस तरह प्रस्तुत करने का अवसर मिला है।'

फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने अपनी आगामी फिल्म 'वाराणसी' के सबसे चैलेंजिंग और क्रिएटिव सीन्स में से एक के बारे में खुलकर बात की है। निर्देशक ने फिल्म के एक 25 मिनट के उस सीन के बारे में भी खुलकर बताया जो पौराणिक महाकाव्य रामायण से प्रेरित है और जिसके बारे में उनका कहना है कि इसे फिल्माने में 60 दिन लगे। एसएस राजामौली ने 'वाराणसी' के पीछे की प्रेरणा के बारे में भी बात की।

राजामौली ने इस भव्य युद्ध सीन की मुश्किलों के बारे में बात करते हुए कहा, 'मेरी ज्यादातर फिल्में भारतीय महाकाव्य महाभारत और रामायण से प्रेरित हैं। इस फिल्म में मुझे रामायण के एक एपिसोड को हूबहू फिल्माने का मौका मिला।' उन्होंने बताया कि 25 मिनट का यह लंबा सीन कोई एक घटना नहीं है, बल्कि कई पलों का संयोजन है, जो एक भव्य युद्ध सीन में पिरोए गए हैं। फिल्म का वह एपिसोड कई सारे एपिसोड्स का संयोजन है। तो यह सब मिलाकर फिल्म में लगभग 25 मिनट का है, एक बार में ही फिल्म में आता है। उन एपिसोड्स को शूट करना, हर एक अपने आप में एक फिल्म बनाने जैसा था।

### भोजपुरी

## आम्रपाली की 'सीआईडी बहू' का ट्रेलर रिलीज, घर में दिखीं जासूसी करती



भोजपुरी फिल्मों की स्टार आम्रपाली दुबे की मच अवेटेड फिल्म 'सी.आई.डी बहू' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है और यह चर्चा में है। ट्रेलर को भोजपुरी सिनेमा टीवी चैनल पर रिलीज किया गया है और इसे दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। फैंस आम्रपाली दुबे के नए अवतार की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

'सीआईडी बहू' के ट्रेलर में आम्रपाली दुबे एक बेहद अलग और दिलचस्प किरदार में नजर आ रही हैं। वह अपने ही घर में रहकर जासूसी करती दिखाई देती हैं। फिल्म में सस्पेंस, इमोशन और कॉमेडी का जबरदस्त मिक्स देखने को मिलने वाला है। पारिवारिक कहानी पर आधारित यह फिल्म दर्शकों को गुदगुदाने के साथ-साथ भावनात्मक सफर पर भी ले जाती नजर आएगी। 'सीआईडी बहू' को लेकर आम्रपाली दुबे ने कहा, 'यह मेरे करियर की बेहद खास फिल्म है, क्योंकि इसमें दर्शकों को मेरा एक बिल्कुल अलग और अनोखा किरदार देखने को मिलेगा। यह सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि परिवार और रिश्तों की भावनाओं को भी खूबसूरती से दिखाती है। फिल्म की कहानी, कॉन्सेप्ट और पूरी टीम का सहयोग शानदार रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शकों को यह फिल्म खूब पसंद आएगी और वो इसे अपने परिवार के साथ जरूर देखना चाहेंगे।' यह मेरे करियर की बेहद खास फिल्म है, क्योंकि इसमें दर्शकों को मेरा एक बिल्कुल अलग और अनोखा किरदार देखने को मिलेगा।

### टेक-फर्स्ट ड्रेप्स

तेज़ प्लीट्स, क्लीन फॉल्स और ऐसी स्टाइलिंग जो घंटों तक वैसी ही बनी रहे। लेटेस्ट इंडियन वियर ट्रेंड्स के अनुसार, अब आप एक फ्लोई साड़ी को कॉर्सेट-स्टाइल ब्लाउज़ या स्ट्रक्चर्ड जैकेट के साथ पेयर कर सकती हैं, और फिर स्लीक हील्स के साथ इसे पूरा कर सकती हैं। इन नए फैशन ट्रेंड्स का मकसद ट्रेडिशनल सिलुएट्स को लगभग आर्किटेक्चरल लुक देना है, साथ ही उन्हें पहनने में आसान भी बनाए रखना है।

लाइफ स्टाइल



## ग्लोइंग स्किन पाने ले रही हैं विटामिन-ई का कैप्सूल, तो इन बातों का रखें खास ध्यान

खूबसूरत त्वचा पाने के लिए महिलाएं कई उपाय करती हैं और इन उपायों में विटामिन ई का कैप्सूल भी है। विटामिन ई का कैप्सूल में कई सारे गुण होते हैं और साथ ही इसका सही तरह से इस्तेमाल करने से स्किन से जुड़ी समस्या भी कम होती हैं।



### फेस पर न करें डायरेक्ट इस्तेमाल

जहां विटामिन ई कैप्सूल कई सारे गुणों से भरपूर हैं और ये सभी गुण चेहरे के लिए फायदेमंद है तो वहीं अगर आप इसे डायरेक्ट फेस पर अप्लाई करती हैं तो स्किन को नुकसान हो सकता है। इसी के साथ स्किन जुड़ी समस्या भी पैदा हो सकती है।

### मात्रा का रखें खास ध्यान

कई बार ऐसा होता है जब आपकी अधिक मात्रा में इस्तेमाल करती हैं। लेकिन, ऐसा करने से भी स्किन को नुकसान हो सकता है। इसका अधिक इस्तेमाल करने से जहां त्वचा की रोनक कम हो सकती हैं तो साथ ही स्किन से जुड़ी समस्य भी शुरू हो सकती है।

### धूप में जाने से बचें

विटामिन ई कैप्सूल का पूरा फायदा आपकी स्किन को मिले इसके लिए आप लगाने के दौरान धूप में जाने से बचें। अगर आप इस प्लाई करने के बाद धूप में जाती हैं तो स्किन को नुकसान हो सकता है।

### एक्सपर्ट की टिप्स को करें फॉलो

विटामिन ई कैप्सूल हर किसी की स्किन पर सूट नहीं करता है ।इसलिए स्किन पर इस्तेमाल करने से पहले आप एक्सपर्ट की सलाह लें साथ ही, पैच टेस्ट भी करें।

### इस बात का रखें खास ध्यान

अगर आपकी स्किन पर मुंहासे या एक्ने हैं तो आप विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल न करें। अगर आप इसे स्किन पर अप्लाई करती हैं तो स्किन को नुकसान हो सकता है।

## बाहर जाना है तो न्यू लुक के लिए वियर करें को-ऑर्ड





फैशन की इस दुनिया हर दिन एक नया तरह का आउटफिट लॉन्च होता हैं और इन सबके बीच कुछ ऐसे आउटफिट होते हैं जिन्हें महिलाएं न्यू लुक पाने के लिए वियर करना पसंद करती हैं। वहीं इन दिनों को-ऑर्ड सेट काफी ट्रेंड में है और कई सारे खास मौकों पर महिलाएं इन्हें स्टाइल करना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप किसी पार्टी या कहीं घूमने जा रही हैं और इस दौरान न्यू लुक चाहती है तो आप ये को-ऑर्ड वियर कर सकती हैं।



### डेनिम को-ऑर्ड

इस तरह का डेनिम सेट पार्टी या आउटिंग दोनों ही मौकों पर वियर करने के लिए बेस्ट है। इस तरह के डेनिम को-ऑर्ड जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। इस डेनिम को-ऑर्ड में अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप चेन नेकलेस वियर कर सकती हैं साथ ही, हाथों में ब्रेसलेट और फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं। इस तरह का आउटफिट आपको 700 से 1,000 रुपये की कीमत में मिल सकता है।

### रैप को-ऑर्ड सेट

अगर आप लाइट कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह के रैप डिजाइन वाले को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह का को-ऑर्ड सेट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसमें आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा। इस को-ऑर्ड सेट में अपने लुक कम्पलीट करने के लिए आप लॉन्ग इयररिंगस साथ ही फुटवियर में आप हील्स पहन सकती हैं। इस को-ऑर्ड सेट को आप 1,000 से 1,500 रुपये में कई सारे पैटर्न में खरीद सकती हैं।

न्यू लुक के लिए इस तरह के प्रिंट डिजाइन वाले को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं और इस को-ऑर्ड सेट में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

## शेयर करती हैं मेकअप तो पहले जान लें इसके बड़े नुकसान

चाहे वह लिपस्टिक हो, काजल हो या हो मेकअप ब्रश, इन सभी चीजों को शेयर करने से बैक्टीरिया और वायरस आसानी से फैल सकते हैं। आइए जानते हैं मेकअप शेयर करने से होने वाले बड़े नुकसानों के बारे में।

कई बार लड़कियां अपनी सहेलियों के साथ मेकअप प्रोडक्ट्स शेयर भी कर लेती हैं, जोकि बिल्कुल नहीं करना चाहिए। ये आदत आपको कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स और इन्फेक्शन का शिकार बना सकती है।

### ब्रश इस्तेमाल करने से स्किन इंफेक्शन का खतरा

जब आप दूसरों के साथ मेकअप ब्रश शेयर करती हैं, तो बैक्टीरिया और फंगल इंफेक्शन फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसकी वजह से कई बार किसी और के मेकअप प्रोडक्ट्स में मौजूद बैक्टीरिया आपकी त्वचा में पिंपल्स, रैशेज और एलर्जी पैदा कर सकते हैं। खासतौर पर ये दिक्कत तब आती है, जब आप किसी और के इस्तेमाल किए हुए ब्रश इस्तेमाल करती हैं।



आई मेकअप शेयर करने से होता है ये खतरा

कभी भी आई मेकअप तो गलती से भी शेयर नहीं करना चाहिए। मस्कारा, आईलाइनर और काजल जैसे प्रोडक्ट्स में बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं। इन्हें शेयर करने से कंजक्टिवाइटिस का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में जब आई मेकअप खुद भी इस्तेमाल करें तो पहले ब्रश को अच्छी तरह से साफ अवश्य कर लें। वैसे तो लिपस्टिक हर लड़की के बैग में रखी रहती है, लेकिन कई बार जब किसी और का शेड पसंद आता है तो हम उसे मांग के ला लेते हैं। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। लिपस्टिक या लिप ग्लॉस शेयर करने से फीवर ब्लिस्टर जैसी संक्रामक बीमारियां तक फैल सकती हैं।

## बदलते मौसम में तेजी से झड़ने लगे हैं बाल तो इस्तेमाल करें ये घरेलू नुस्खे

फरवरी का महीना चल रहा है, ऐसे में बदलते मौसम में अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। जहां अभी तक लोगों की हालत ठंड से बेहाल थी, वहीं अब गर्मी से लोग परेशान होने लगे हैं। दिन के समय तो तेज धूप भी आने लगी है, जिस वजह से लोग काफी परेशान हैं। इस मौसम का असर सीधा-सीधा लोगों की त्वचा और उनके बालों पर पड़ने लगा है। ऐसे में बालों का झड़ना तो बेहद ही आम समस्या है। यदि आप भी इस बदलते मौसम में हेयर फॉल से परेशान हैं तो इसके लिए यहां हम आपको कुछ नुस्खे देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं।

### मेथी और नारियल तेल आएगा काम

यदि आपके बाल लगातार झड़ रहे हैं तो इस मिश्रण का इस्तेमाल करें। दरअसल, नारियल तेल बालों के लिए प्राकृतिक कंडीशनर का काम करता है, जबकि मेथी में मौजूद तत्व बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं। इस पैक के इस्तेमाल के लिए एक बड़ा चम्मच मेथी दानों को रातभर भिगोकर पीस लें। इसे गुनगुने नारियल के तेल में मिलाकर स्कैल्प पर लगाएं। हल्के हाथों से सिर



की मसाज करें और 30 मिनट बाद हल्के शैंपू से धो लें।

### आंवला और दही का मास्क

बालों के लिए आंवला काफी फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में 2 चम्मच आंवला पाउडर में 2 चम्मच दही मिलाएं। इस पेस्ट को स्कैल्प पर लगाएं और आधे घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। ये बालों को जड़ से मजबूती देता है और झड़ने से भी रोकता है।

### प्याज का रस रहेगा फायदेमंद

प्याज के रस में सल्फर होता है, जो बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है। ऐसे में इसके इस्तेमाल से बाल झड़ना भी बंद हो जाता है।

कार्नर न्यूज

कपड़े से लेकर जूते और हेयर स्टाइल के अलावा और भी बहुत कुछ है ध्यान देने

## पार्टी में छा जाने की हसरत है तो पहले याद रखिए जरूरी ग्रूमिंग टिप्स, सबकी नजरें आप पर ही होंगी

पार्टी में जाने की तैयारी पूरी है, कपड़े से लेकर जूते और फिर हेयर स्टाइल भी परफेक्ट लग रहा है। लेकिन यकीन मानिए कि आप अभी भी तैयार नहीं हैं। ऐसा कैसे, आप यही सोच रहे हैं न। लेकिन ये सही है कि आप तैयार नहीं हैं। पार्टी में जाने के लिए आपको प्री पार्टी ग्रूमिंग करनी होगी। ताकि पार्टी में सबकी नजरें बस आप पर ही हों।

इसके लिए आपको कुछ खास ग्रूमिंग टिप्स आजमाने होंगे। ये टिप्स आजमाकर आप सबका दिल जरूर जीत लेंगे।

### पार्टी से पहले करें ग्रूमिंग

ग्रूमिंग पर बहुत ध्यान देते हैं तो पार्टी से पहले खासतौर पर इस पर ध्यान दीजिए। आपको क्या-क्या करना होगा, जान लीजिए-एक दिन पहले एक्सफोलिएट

कम से कम कोशिश में ज्यादा से ज्यादा फायदा देने के लिए एक्सफोलिएट किया जाना चाहिए। एक्सफोलिएशन के बाद स्किन सच में फ्रेश सी हो जाती है।

इससे डेड स्किन हटती है तो स्किन



में बसी गंदगी भी बहर हो जाती है। टॉक्सिन निकलते ही स्किन फ्रेश-फ्रेश हो जाती है।

इसके लिए बिलकुल थोडा सा स्क्रब लें। अब इससे फोरहेड, गाल, चिन और नाक पर उंगली की टिप से मसाज करें। हालांकि इस दौरान आंखों के नीचे के एरिया पर ये मसाज न करें।

### नया हेयर कट करवा लीजिए

पार्टी में जाने से पहले हेयर कट ज़रूरी होता है। ये जरूरी इसलिए होता है क्योंकि आपका लुक अचानक से अच्छा लगने लगता है।

इसके लिए बस कीजिए इतना कि बालों के साथ कोई अनोखा प्रयोग मत कीजिए। सेफसाइड हेयरस्टाइल ही अपनाइए। इससे लोगों को आपका लुक अचानक से बदला हुआ लगेगा। आपका लुक उन्हें बिलकुल फ्रेश लगने लगेगा। बस यहीं पर सबकी नजरें आप पर ठहर जाएंगी।

### छोटी बातें, पते की बातें

अक्सर पुरुष बाल, कपड़े और हेयर स्टाइल के साथ स्किन पर भी ध्यान देते हैं लेकिन बहुत छोटी बातों को ऐसे ही छोड़ देते हैं। ये छोटी-छोटी बातें हैं, नाखून, कान या नाक से बाहर आते बाल।

इन छोटी ग्रूमिंग पर भी ध्यान दीजिए। ताकि आपका लुक बिलकुल परफेक्ट हो सके। आपको इस दौरान कपड़ों की डिटेल पर भी ध्यान देना होगा, जैसे उन्हें किसी तरह की मरम्मत की जरूरत तो नहीं है।

### थोड़ा बहुत मेकअप



आजकल पुरुष भी मेकअप करते हैं। ये मेकअप आप भी कीजिए। लेकिन उस दिन मेकअप के खराब होने की संभावना बिलकुल न हो इसलिए आप एक दिन पहले मेकअप करके देख लें। समझ लें कि आपको कैसा लुक चाहिए और आप इसके लिए किस तरह का मेकअप कर सकते हैं।

लंबे समय तक चलने वाले डियो

पार्टी में जाने से पहले आप ऐसे डियो का इस्तेमाल करें जो लॉन्ग लास्टिंग हों। जिनके साथ आप काफी देर तक फ्रेश महसूस कर पाएं।